वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-313 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

11 मई 2025 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

35 अधिकतम

25 न्यूनतम



Page-7

## पाकिस्तान के रुख पर संशय बरकरार, ट्रंप ने फिर श्रेय लेने की कोशिश में खुद को बताया निर्णायक



# सीज़फायर : तनाव भरी लंबी रात के बाद उम्मीद की सुबह, हाईलेवल मीटिंग का दौर



श्रीनगर में ड्रोन हमले के बाद लाल चौक पर जवान तैनात।

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के चंद घंटों बाद देर रात तक सीमा पर पाकिस्तान की ओर से गोलियों और ड्रोन की गूंज से आज की सुबह तनावपूर्ण रही है। सीजफायर की राहत अभी असरदार नहीं लग रही है। इस बीच आज सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर हाईलेवल मीटिंग की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल साथ ही आईबी और रॉ के चीफ मौजूद रहे। हालांकि इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक पोस्ट ने फिर नया रंग घोल दिया है। उन्होंने सीजफायर में फिर अमेरिका की 'निर्णायक भूमिका' का जिक्र करते हुए सीजफायर को ऐतिहासिक और मानवीय करार दिया,



साथ ही अमेरिका की भूमिका को भी 'निर्णायक सहयोगी' के रूप में प्रस्तुत किया। ट्रम्प ने कहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष में लाखों लोग मारे जा सकते थे। मुझे दोनों देशों को मजबूत नेतृत्व पर गर्व है, उनके पास समझने की बुद्धि है। ट्रम्प ने ऐलान किया कि वे दोनों देशों के साथ व्यापार को बढ़ाने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि कल देर रात तक जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब, राजस्थान और गुजरात तक पाकिस्तान की ओर से उकसावे की कार्रवाई ने माहौल को तनावपूर्ण बना रखा है। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कई सीमावर्ती क्षेत्रों में फायरिंग की. अखनूर, राजौरी और आरएसपुरा सेक्टरों में फायरिंग की।

हालांकि सेना की त्वरित कार्रवाई के कारण किसी प्रकार की बड़ी क्षति नहीं हुई, लेकिन सुरक्षा बलों को कल रात से अलर्ट हैं। पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गतिविधियों की भी सूचना पर उधमपुर में भारतीय सेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम सक्रिय कर दिया। ये सभी ड्रोन हमले विफल कर दिए गए। हालांकि ताजा तनाव का असर सिर्फ जम्मू-कश्मीर ही नहीं, बल्कि पंजाब, राजस्थान और गुजरात तक इसका असर देखने को मिला। उधमपुर, फिरोजपुर, श्रीनगर, पटियाला, फाजिल्का, होशियारपुर और राजौरी जैसे क्षेत्रों में एहतियातन ब्लैकआउट कर दिया गया। राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर और गंगानगर में भी प्रशासन ने ब्लैकआउट रखा। उधर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ऐलान किया कि देश में 'यौम-ए-तशक्कुर' मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की आक्रामकता के जवाब में पाकिस्तान की कार्रवाई और ऑपरेशन बुनीयान-उल-मरसूस की सफलता के बाद ये दिन मनाया जाएगा। इससे पहले कल शाम 5 बजे भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुआ था। लेकिन तीन घंटे बाद पाकिस्तान ने दावा किया कि भारत ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। पाकिस्तान ने कहा है कि पेशावर एयरपोर्ट के पास एयर डिफेंस सिस्टम ने भारतीय ड्रोन को मार गिराया है। हालांकि सीजफायर के बाद पाकिस्तान में लोगों ने आतिशबाजी के साथ जश्न भी मनाया।

## सीमावर्ती इलाकों में हालातों पर नजर

### जम्मू-कश्मीर : जबर्दस्त सुरक्षा

■ जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, राजौरी, नौशेरा, श्रीनगर,उधमपुर और आसएस पुरा में रात में शैलिंग और ड्रोन अटैक हुआ। आधी रात के बाद स्थिति सामान्य रही। कोई फायरिंग या दुश्मन की आवाजाही नहीं देखी गई, सुरक्षा कड़ी है।

### पंजाब : पाक से सटे जिलों में चौकसी

■ सीमावर्ती जिलों में हाई सिक्योरिटी है। सीजफायर के बाद भी पंजाब के कई इलाकों में ड्रोन देखे गए थे जिनमें गुरदासपुर, फिरोजपुर, पठानकोट, होशियारपुर और जालंधर शामिल है.अमृतसर में विशेष तौर पर रेड अलर्ट रखा गया था जिसे बाद में हटा दिया गया। हालांकि आज सुबह करीब 4 बजकर 29 मिनट पर ब्लैकआउट की घोषणा की गई, लेकिन, एक घंटे बाद बिजली की आपूर्ति कर दी गई हालांकि लोगों को घरों के अंदर रहने और खिड़कियों से दूर रहने का निर्देश दिया गया। वहीं पठानकोट में हालात सामान्य हैं।

### राजस्थान : चारों जिलों में शांति

■ अंतरराष्ट्रीय सीमा और एयरस्पेस पर कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं देखी गई, लेकिन भारी सतर्कता है। राजस्थान में सभी सीमावर्ती जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में सीमा पार से कोई एक्टिविटी नहीं है।

### गुजरात : ब्लैकआउट आदेश वापस

■ कच्छ और रण क्षेत्र सहित तटीय इलाकों में स्थिति नियंत्रण में रही, लेकिन निगरानी बढ़ा दी गई. राज्य के द्वारका और कच्छ में ब्लैक आउट का आदेश दिया गया, हालांकि बाद में इसे हटा दिया गया. राज्य मुख्यालय/गृह मंत्रालय और जिला प्रशासन ने पूरे रण और तट/हवाई क्षेत्र में एक समीक्षा बैठक की। सीमावर्ती इलाकों में हालात सामान्य हैं।



जम्मू शहर में रुक-रुक कई ड्रोन हमले के बाद एक रिहायशी इलाके में क्षतिग्रस्त घर।

## चिदंबरम ने सेना के जवाब को बताया संतुलित

■ **कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी.चिदंबरम ने आज एक अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा पाकिस्तान को दिए गए जवाब को 'बुद्धिमत्तापूर्ण और संतुलित' बताया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद देश में बदला लेने की आवाजें तेज थीं, लेकिन सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों की बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। चिदंबरम ने कहा कि मोदी के 2022 में व्लादिमीर पुतिन से कहे गए शब्द-'यह युद्ध का युग नहीं है' आज भी दुनिया को याद हैं। यही वजह है कि कई देशों ने भारत को निजी तौर पर युद्ध न करने की सलाह दी। चिदंबरम ने स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और पूर्ण युद्ध वैश्विक अस्थिरता पैदा कर सकता था।. उन्होंने रूस-यूक्रेन और इज़राइल-गाजा संघर्षों का उदाहरण देते हुए कहा कि अब दुनिया युद्ध को बर्दाश्त नहीं कर सकती।**

## वो, टेक्निकल ब्रिलियंस था... पुलवामा का पाप कबूला पाकिस्तान ने!

■ **पाकिस्तान ने 2019 में पुलवामा हमले में अपनी संलिप्तता को लेकर वर्षों तक इनकार किया मगर अब उसका कबूलनामा खुद उसकी वायुसेना के शीर्ष अधिकारी ने ही कर दिया। एयर वाइस मार्शल और जनसंपर्क निदेशक औरंगजेब अहमद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलवामा हमले को 'टैक्निकल ब्रिलियंस' यानी सैन्य चालाकी की मिसाल बताया है। यह बयान सिर्फ पुलवामा ही नहीं, बल्कि हालिया**



**पहलगाम हमले में भी पाकिस्तान की भूमिका पर शक गहरा कर रहा है। औरंगजेब के बयान ने पाकिस्तान की वर्षों पुरानी कहानी को खारिज कर दिया है, जिसमें वह बार-बार कहता रहा कि उसका पुलवामा या किसी आतंकी गतिविधि से कोई लेना-देना नहीं है। औरंगजेब अहमद ने कहा कि हमने अपनी टैक्टिकल ब्रिलियंस के ज़रिए उन्हें (भारत को) यह बताने की कोशिश की। इस दौरान औरंगजेब के साथ पाकिस्तान आर्मी के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी और नेवी प्रवक्ता भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि औरंगज़ेब के साथ मौजूद चौधरी कोई सामान्य व्यक्ति नहीं बल्कि परमाणु वैज्ञानिक सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद के बेटे हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे ओसामा बिन लादेन से मिले थे और अल-कायदा को परमाणु तकनीक देने की कोशिश में शामिल थे।**

## 19 दिन बाद आखिर अमिताभ ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने आज आखिरकार एक्स पर अपनी चुप्पी तोड़ी। वे इतने दिनों से केवल खाली नंबर वाली पोस्ट शेयर कर रहे थे और लोग उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे थे। अब उन्होंने भावुक और देशभक्ति से भरी पोस्ट पोस्ट में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत द्वारा पाकिस्तान



और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर हमलों की सराहना की व आतंकवाद की क्रूरता और सेना के साहस की बात की। उन्होंने लिखा, 'छुट्टियां मानते हुए, उस राक्षस ने, निर्दोष पति-पत्नी को बाहर खींचकर, पति को नग्न कर, उसके धर्म की पूर्ति करने के बाद उसे जब गोली मारने लगा, तो पत्नी ने घुटने पे गिरकर, रोकर अनुरोध करने के बाद भी बेरहमी से मार दिया। अमिताभा ने लिखा कि बेटी की मनस्थिति पर बाबूजी की एक कविता की पंक्ति याद आयी है- 'है चिता की राख कर में, मांगती सिंदूर दुनिया' ..' सेना की तारीफ करते हुए अमिताभ ने आगे लिखा,' जय हिन्द, जय हिन्द की सेना, तू ना थमेगा कभी तू न मुड़ेगा कभी तू न झुकेगा कभी, कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ! अग्निपथ! अग्निपथ ! अग्निपथ !!!

## पाक पर शायराना हुए थरूर-उसकी फितरत है मुकर जाने की....

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने भारत के साथ शांति वार्ता के बावजूद सीजफायर का उल्लंघन किया है इससे देशभर में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पाकिस्तान पर उसके इस नापाक हरकत के लिए शायराना अंदाज में तंज कसा है। उन्होंने सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 'उसकी फितरत है मुकर जाने की, उसके वादे पे यकीन कैसे करूं' बीती रात एलओसी के पार पाकिस्तान से रॉकेट दागे जाने के ठीक पहले भी शशि थरूर ने एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा था कि मुझे लगता है कि शांति बहुत जरूरी है, हमें और जानकारी चाहिए, लेकिन मैं खुश हूं।

## ₹ 70 लाख की रिश्वत लेते आयकर आयुक्त गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी।**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आयकर विभाग के आयुक्त (एक्सेम्पशन) सहित पांच लोगों को 70 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह रिश्वत एक निजी कंपनी की अपील को पक्ष में निपटाने के लिए ली जा रही थी। सीबीआई ने दर्ज की गई एफआईआर के तहत इस घोटाले का खुलासा किया। आरोपी आयुक्त जीवन लाल लाविडिया वर्तमान में आयकर अपील यूनिट-7 और यूनिट-8 के भी प्रभारी थे। जांच में सामने आया कि वह



बिचौलियों की मदद से निजी पक्षों को अवैध लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत मांगते थे। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि 2004 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी लाविडिया के साथ-साथ शापूरजी पलोनजी समूह के उप महाप्रबंधक विरल कांतीलाल मेहता, साईराम पलीसेट्टी, नट्टा वीरा नागा श्रीराम गोपाल और साजिदा मझार हुसैन शाह को भी गिरफ्तार किया गया है। लाविडिया दलालों के साथ मिलीभगत कर निजी कंपनियों के अपील मामलों में अवैध लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत ले रहे थे।

## कोहली से रायुडू की अपील - प्लीज अभी सन्यास मत लेना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से हटने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। इस खबर से भारतीय क्रिकेट जगत में हलचल मच गई है। लेकिन रायुडू ने विराट से



गुजारिश की है कि कोहली को टेस्ट से रिटायर नहीं होना चाहिए। रायुडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि भारतीय टीम को उनकी पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कोहली से अपने फैसले पर फिर से सोचने का आग्रह किया है। वहीं, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि की।

## मौसम बदल रहे पांचों सिस्टम 14 के बाद पड़ेंगे कमजोर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में मौसम बिगाड रहे और बारिश करा रहे तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और दो टर्फ का असर अभी चार दिन और रहेगा। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर और सागर संभाग के सभी जिलों में गरज-चमक, आंधी और बारिश का दौर रह सकता है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहने की संभावना है। हालांकि भोपाल में कल शाम से उमस बढी लेकिन बरसात नहीं हुई। राजधानी में तापमान फिर 39 तक पहुंचने लगा है। बावजूद तीखी गर्मी से थोडी राहत है। खजुराहो और दमोह सबसे गर्म चल रहे हैं।



ग्वालियर में पारा 39पार कर रहा है। अभी 14 मई तक हल्की बारिश गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद गर्मी का असर बढ़ सकता है। प्रदेश में मई के महीने में ही सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। पिछले 10 साल का ट्रेंड पारे के 47-48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का है। हालांकि इस बार नौतपे का दौर आने वाला है इसलिये माना जा रहा है कि अब गर्मी का तीखा दौर अपेक्षाकृत छोटा रह सकता है।

## राजाभोज एयरपोर्ट पर बढ़ी सुरक्षा






**भोपाल।** आपात हालात से निपटने के लिए मॉक ड्रिल में सामने आई कमियों को दूर करने के लिए प्रशासन ने रिसोर्स मैपिंग, सायरन इंस्टालेशन मॉडल तैयार करना शुरू कर दिया है। आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और स्मार्ट सिटी मिलकर काम करेंगे। इसके लिए पब्लिक सिक्योरिटी मॉडल लागू होगा। इसके लिए स्मार्ट सिटी और शासन के फंड का इस्तेमाल होगा। वहीं दूसरी ओर राजाभोज एयरपोर्ट पर वाहनों की चैकिंग की जा रही है। साथ ही एयरपोर्ट के चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं।

# पति-पत्नी के बीच वो बना सोशल मीडिया रील के चक्कर में घर टूटने की कगार पर

## भोपाल फैमिली कोर्ट में पहुंचने वाले मामलों में 60 फीसदी मामले में विवाद की वजह सोशल मीडिया और फोन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सोशल मीडिया जहां कई मामलों में आमजन के लिए मददगार साबित हुआ है, तो वहीं इसके वैवाहिक जीवन को लेकर दुष्परिणाम भी सामने आए हैं। जहां पति-पत्नी के बीच सोशल मीडिया और रील ने इस कदर विवाद खड़ा किया कि अब घर टूटने की कगार पर पहुंच गया है। ऐसे में मामले इन दिनों कुटुंब न्यायालयों में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। ऐसे कई मामले हैं जिनमें सोशल मीडिया, रील्स, लाइक और फॉलोअर्स की चाहत में पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहे हैं। बीते साल की बात करें तो प्रदेश के चार बड़े शहरों में पारिवारिक विवाद के करीब 13 हजार मामले फैमिली कोर्ट में पहुंचे। भोपाल की काउंसलर शैल अवस्थी ने कहा कि आने वाले मामलों में 60 फीसद मामले ऐसे होते हैं जिनमें विवाद के पीछे किसी न किसी तरह सोशल मीडिया जिम्मेदार होता है।

### यह है कुटुंब न्यायालय में पहुंच रहे प्रकरण

जानकारी के अनुसार, कुटुंब न्यायालयों में वर्ष 2024 में भोपाल में कुल 3551 मामले, इंदौर में 4175, जबलपुर में 2283 और ग्वालियर में 2791 मामले पहुंचे हैं। जिनमें से 50 फीसदी से अधिक प्रकरणों का निराकरण भी किया गया है। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे मामले हैं जहां रील्स, सोशल मीडिया, मोबाइल दंपति के बीच विवाद का कारण बना और परिवार टूटने की कगार पर पहुंच गया।

### पहला मामला - दूसरे की लाइफ स्टाइल फॉलो से विवाद बड़ा और तलाक पर खत्म हुआ

एक मामले में दंपति का आपसी रजामंदी से नवंबर माह में तलाक हो गया। उनका एक बेटा भी है। पति के अनुसार, दो साल से रील बनाते हुए अब पत्नी की थोड़ी बहुत कमाई होने लगी है। नतीजा वो दूसरे रील्स क्रिएटर्स के संपर्क में आई और उनकी तरह की लाइफ स्टाइल फॉलो करने की लत लग गई। दिसंबर 2022 में उसने पति को सरप्राइज देते हुए बेटे का बर्थडे धूमधाम से मनाया। बाद में पता चला कि बेटे को बड़ी इंजीनियरिंग कोचिंग में दाखिल करने के लिए जमा किए पति के पैसे पत्नी ने बर्थडे पार्टी में फूंक दिए। विवाद बड़ा और तलाक पर खत्म हुआ।

### दूसरा मामला - रील्स के चक्कर में सवा लाख का कर्ज, नौबत तलाक तक पहुंच गई

भोपाल के एक मामले में रील में अच्छा और नया करने की चाहत ने दंपति की गृहस्थी तबाह कर दी। रील्स के लिए पत्नी आए दिन शॉपिंग करती थी। इसमें कपड़े मेकअप और रील शूट का सामान शामिल था। पति का आरोप था कि वह बिना सोचे-समझे शॉपिंग करती है। लोकेशंस पर शूट के लिए पैसा देती है। यही नहीं लोगों को जोड़ने के लिए पार्टियां भी देती है ताकि उसकी रील्स पर लाइक बड़े। ऐसे में पत्नी बच्चे का ध्यान नहीं रखती थी और उस पर भी रील शूट करने का दबाव बनाती थी। ऐसे में पति ने पैसे देने से मना करना शुरू किया तो पत्नी धीरे-धीरे अपने गहने गिरवी रखने लगी। बाद में पता चला कि उसने करीब सवा लाख का कर्ज भी इसी कारण ले रखा है। पति को पता चला तो नौबत तलाक तक पहुंच गई।

# लीज पर विमान लेकर राजधानी से नए रूट पर उड़ानें संचालित करने की योजना

## एयर इंडिया 5 नई फ्लाइट शुरू करेगी

**भोपाल।** राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट से अब एअर इंडिया और उसकी सहयोगी कंपनी एअर इंडिया एक्सप्रेस की 5 नई फ्लाइट्स शुरू करने की योजना बना रही है। कंपनी भोपाल से मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरू, हैदराबाद व पुणे के लिए नई फ्लाइट शुरू करना चाहती है। लेकिन कहा जा रहा है कि विमानों की कमी के कारण ऐसा नहीं हो पा रहा है। कंपनी को ऑर्डर देने के बाद भी नए एयरक्राफ्ट नहीं मिल पा रहे हैं। लिहाजा, कंपनी फिलहाल अन्य एयरलाइंस के ऐसे पुराने एयरक्राफ्ट लीज पर लेकर अपनी फ्लाइट्स का संचालन कर रही है, जो किसी कारण से नहीं चल पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एअर इंडिया ने 470 नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दो साल पहले से दे रखा है। इनमें से ही कुछ एयरक्राफ्ट सहयोगी कंपनी एअर इंडिया एक्सप्रेस को मिलना है। लेकिन 20 एयरक्राफ्ट ही कंपनी को मिल सके हैं। इनका उपयोग कंपनी द्वारा बेंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई आदि ज्यादा जरूरत वाले सेक्टरों के लिए किया जा रहा है। अभी एअर इंडिया एक्सप्रेस कंपनी भोपाल की जगह इंदौर से विभिन्न स्थानों के लिए फ्लाइट्स चला रही है। कंपनी वहां काफी विस्तार कर चुकी है। लेकिन भोपाल का मामला नये विमानों पर निर्भर है। बताया जा रहा है कि जब तक एअर इंडिया को नए एयरक्राफ्ट नहीं मिलते, अन्य एयरलाइंस कंपनियों के विमान लीज पर लेकर फ्लाइट चलाई जाएंगी। हालांकि माना जा रहा है कि नए एयरक्राफ्ट मिलने में साल भर का वक्त लग सकता है लिहाजा कंपनी ने छोटी एयरलाइंस कंपनियों के विमान लीज पर लेने की कोशिशें की हैं, हालांकि इसमें भी 3-4 महीने लगेंगे। नई फ्लाइट्स उसके बाद ही भोपाल को मिल सकेंगी। एअर इंडिया एक्सप्रेस यहां से मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरू, हैदराबाद व पुणे के लिए नई फ्लाइट शुरू करना चाहती है। इसके लिए स्लॉट तक ले चुकी है।



# सेना के पराक्रम को धर्मगुरुओं ने किया सैल्यूट



**हिरदाराम नगर.** पहलगाम में हुए आंतकवादी हमले के बाद भारत की सेना अपना पराक्रम दिखाते हुए ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान मे स्थित आंतकवादी ठिकानों को नस्तानाबूद किया, गुरुनानक मण्डल द्वारा भोपाल स्थित शहीद गेट पर भारत माता के समक्ष हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई धर्मगुरुओ ने देश की सेना को तिरंगा लहराकर सलामी देकर नमन किया , इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया आज पूरा देश हमारे जवानों के अदम्य साहस और पराक्रम से अभिभूत है। देश के जाबाज सैनिकों एंव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का ये अभिनंदन भर नहीं, यह कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से रणधीरों को समर्पित श्रद्धा, सम्मान और नमन है। इस अवसर पर पंडित विजय वाजपई, ज्ञानी दिलीप सिंह, महेश मकवाना, भगवानदास ढालिया, सुनील सराठे, नरेंद्र ठाकुर, मुकेश सोलंकी, संदीप कल्याने, राजा शर्मा, दीपचंद तिवारी, रामजीवन माकोरिया, अजय प्रजापति, लक्ष्मी महाजन, राजकुमारी डागोर, गोरधन अहिरवार, अतुल घेंघट, कुसुम हिरवे, गोलू राय, जीवन लाल घोसरे, सुनील शुक्रवारे, महेश मालवीय, आकाश करेले, रोहित लोहाट, विशाल बिछ्ले, आमान खान, विवेक तिवारी, चंदू यादव आदि मौजूद रहे।

# संतनगर में प्राकृतिक चिकित्सा का प्रशिक्षण लेने आए देशभर से साधक



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

### स्वस्थ जीवन जीने की शिक्षा के सूत्र लेकर जाएंगे

आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर चल रहा है, जिसकी शुरूआत पंजीयन एवं विशेषज्ञीय परामर्श के साथ हुई। शिविर में प्रतिभागी प्राकृतिक उपचार, योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा और पोटली मालिश जैसे विभिन्न तरीकों से स्वस्थ रहने की कला सीखेंगे। शिविर में प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास और अपक्क आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने की शिक्षा दी जाएगी। पहले दिन, शिविरार्थियों का पंजीकरण और प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा परामर्श किया गया, जिसके बाद डॉ. गुलाब राय टेवानी द्वारा एक परिचयात्मक व्याख्यान दिया गया। डॉ. गुलाब राय टेवानी ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर में शरीर को शुद्ध करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में सिखाया जाएगा। पंच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) से उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। डॉ. टेवानी ने स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ दिनचर्या अपनाने और सकारात्मक सोचने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपक्क आहार दवाओं की आवश्यकता को कम करता है और प्राकृतिक चिकित्सा बीमारियों से पूर्ण राहत प्रदान करती है। शिविर में शरीर और विचारों दोनों को शुद्ध करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रतिभागियों को सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। धरती बेन के मार्गदर्शन में साधकों को पांच दिनों तक जैविक अंगूरों पर आधारित कल्पाहार भी कराया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### विशिष्ट जनों ने सराहा शिविर को, बच्चों से की बात

# बाल अभिव्यक्ति शिविर में 475 बच्चे सीख रहे हुनर

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में बाल अभिव्यक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 475 बच्चे अलग-अलग गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। शनिवार को शिविर का अवलोकन विशिष्ठजनों ने किया। पत्रकार सुरेश जसवानी, संस्कार स्कूल के प्रमुख बसंत चेलानी, नंद दादलानी, सुरेश राजपाल, पुरुषोत्तम हरचंदानी, जगदीश आसनानी, गुलाब जेठानी, पत्रकार रवि नाथानी, हैप्पी ग्रुप और झूलेलाल समिति जैसे समाजसेवी विद्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए जिससे विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निखरता है और विद्यार्थी अपनी कला को अपनी आय का साधन भी बना सकते हैं एवं अपने शौक को पूरा कर सकते हैं। हैप्पी ग्रुप ने कहा कि जिस तरह से यहाँ बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर ढेर सारी कलाओं को सीख रहे हैं, वे भविष्य में उनके लिए काफी मददगार साबित होंगी। प्रातःकालीन योगा और खेलकूद से बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिलता है। हैप्पी ग्रुप एवं झूलेलाल समिति द्वारा शिविर प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए एवं ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए फ्रूटी प्रदान की गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उन्नयन तथा समय के उचित सदुपयोग के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को ऐसे शिविर में भाग लेकर अपनी कला को निखारना चाहिए। शिविर संचालक दीपा आहूजा ने बताया शिविर में प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक योगा, खेलकूद, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण, प्रातः 8 से 11 बजे तक चित्रकला, मेहंदी, कंप्यूटर, कुकिंग (लड़के एवं लड़कियों हेतु पृथक), कैलीग्राफी, हस्तलेखन, संगीत, नृत्य कला, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सेल्फ ब्यूटीशियन, अंग्रेजी स्पोकन तथा अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। प्रातः 11 से 12 बजे तक पुस्तकालय सुविधा भी प्रदान की जा रही है।



### खाना बनाना सीखा

खाना बनाना इसलिए सीख रहे हैं क्योंकि पढ़ाई या नौकरी के लिए उन्हें अक्सर शहर से बाहर रहना पड़ता है। ऐसे में वे होटल और रेस्तरां के भोजन पर निर्भर रहने के बजाय अपना स्वास्थ्यवर्धक भोजन खुद बना सकते हैं।
- भवि जोतवानी, कैंपियन स्कूल

### एनीमेशन सीख रहा

मैं शिविर में एनीमेशन और प्रेजेंटेशन बनाना सीख रहा हूं, जो मैंपे पहले नहीं सीखा। गर्मियों की छुट्टी में मैं एक नया हुनर सीख जाऊंगा।
- जीतेश सदनानी, होली फैमिली स्कूल

# लोक अदालत में 17 हजार मामले निपटे,16 करोड़ का टैक्स भी मिला

**भोपाल.** जिला न्यायालय में इस वर्ष की दूसरी लोक अदालत में कुल 17 हजार 130 मामलों का निराकरण हुआ। इसमें सबसे अधिक संख्या जलकर और प्रॉपर्टी टैक्स के कुल 12 हजार 655 रहे। वहीं, दूसरे नंबर पर बिजली से जुड़े कुल 1 हजार 369 मामले रहे। इस दौरान लोक अदालत में कुल 42 करोड़ 53 लाख से ज्यादा की अवार्ड राशि दी गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव और सचिव सुनीत सक्सेना समेत अन्य न्यायाधीश मौजूद थे।जानकारी के मुताबिक सबसे ज्यादा जलकर व प्रॉपर्टी टैक्स के मामले निपटे हैं। इसके साथ ही करीब 16.42 करोड़ रुपए का टैक्स कलेक्ट किया गया। लोक अदालत के चलते टैक्स से जुड़े विवादित मामलों में समाधान की सुविधान प्रदान की गई। साथ ही छूट देकर टैक्स जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बीएमसी जोन और वार्ड कार्यालयों में शिविर आयोजित किए गए और यह देर शाम तक चले। निगम के अलावा बिजली विभाग के भी हजारों मामलो का निपटारा किया गया। लोक अदालत में बिजली कंपनी भोपाल में सिटी सर्कल में 1397 मामलों में 18047000 हजार रुपए राशि वसूल हुए। वहीं, लोक अदालत में एक राजीनामे के मामले में 39 लाख 15 हजार रुपए पर मामला निपटा। राजधानी में पारिवारिक विवाद का एक मामला सामने आया जिसमें पति-पत्नी तलाक के लिए 6 साल तक लड़ते रहे। लेकिन,अब दो बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए फिर एक हो गए। दोनों ने मामले को खत्म कर दोबारा साथ रहने का फैसला किया। यह बिट्ठल मार्केट के रहने वाले दंपति का है। पति ने तलाक के लिए भोपाल जिला न्यायालय में आवेदन दिया था कि उसकी पत्नी उससे लड़ाई करती है। दोनों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि 20 अप्रैल 2019 को पत्नी मायके राजस्थान चली गई थी।

### उर्जा विभाग ने वित्त के सामने दिया प्रजेंटेशन, कई कमियां हुईं उजागर

# बिजली कंपनियों में 25 हजार नए पद, आउटसोर्स घटेंगे

दोहपर मेट्रो, भोपाल

**प्रदेश की बिजली कंपनियों को कुछ ही महीने के भीतर 25 हजार नए पद मिल जाएंगे। ये सभी नियमित पद होंगे। इन पदों पर अधिकारी से लेकर कर्मचारियों की भर्ती होंगी। वित्त विभाग के सामने उर्जा विभाग ने प्रजेंटेशन भी दे दिया है। ये पद तीनों वितरण कंपनियों को बराबर मिलेंगे।**

## डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं को होगा फायदा

इन पदों के स्वीकृत होने पर इन पर भर्ती होने से प्रदेश के डेढ़ करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अभी इन बिजली कंपनियों के सामने कम अधिकारी, कर्मचारी है लेकिन उपभोक्ता लगातार बढ़ रहे हैं। कई सेवाएं समय पर नहीं मिलती, समसयाओं का निराकरण भी समय पर नहीं हो पाता।

## वर्षों पहले मिले थे नए पद

बिजली कंपनियों को वर्षों पूर्व नए पद मिले थे लेकिन तब उपभोक्ताओं की संख्या कम थी, इसलिए कनेक्शन भी कम थे। अब तेजी से उपभोक्ता बढ़े है। इनमें सबसे अधिक संख्या कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं की है। व्यावसायिक क्षेत्र के उपभोक्ताओं की भी मप्र में अच्छी खासी संख्या हो गई है। ऐसे में इन उपभोक्ताओं की अपनी समस्याएं और काम होते है, जिसे बिजली वितरण कंपनियां समय पर पूरा नहीं कर पाती और विरोध की स्थिति बनती है। खासकर बारिश के पूर्व प्री मानसून एक्टिविटी के दौरान तो प्रदेश भर के कई जिलों में बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, अफसरों से सुधारते नहीं बनता, उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। इसकी एक वजह अधिकारी, कर्मचारियों की कमी होना प्रमुख है।



## बिजली बोर्ड के समय गठित हुए थे नए

प्रदेश में 1956 से मप्र विद्युत मंडल बिजली वितरण से जुड़े काम देख रहा था। 2000 में जब मप्र से छत्तीसगढ़ अलग हुआ तो अप्रैल 2000 में राज्य विद्युत मंडल अस्तित्व में आया। चूंकि मप्र क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा होने और बिजली आपूर्ति व्यवस्था सीमित होने के कारण ज्यादा काम की जरुरत थी इसलिए तत्कालीन सरकार ने जून 2002 में बिजली कंपनियों का गठन कराया जिन्होंने जुलाई 2005 में पूरी तरह काम संभाला। तभी समय-समय पर ऑर्गनाइजेशन स्ट्रक्चर (ओएस) बने और उनमें बदलाव हुए, उसी ओएस में स्वीकृत पद मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ और बाद में मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों में विभाजित किए गए। विशेषज्ञों का कहना है कि नए पद सृजित होने से केंद्र व राज्य की योजनाएं कम से कम समय में जमीन पर उतारी जा सकेंगी। मीटर व ट्रांसफार्मर के नए कनेक्शन लेने में लगने वाला समय और कम हो जाएगा। करोड़ों रुपए की वसूली संबंधी प्रकरणों के निपटारे में आसानी होगी। शहर की नई बसाहट, ग्रामीण क्षेत्रों के टोले-मजरे में बिजली पहुंचाने में कम समय लगेगा।

### ताप्ती मेगा रिचार्ज प्रोजेक्ट पर एमओयू, महाराष्ट्र के सीएम व मोहन यादव ने किये दस्तखत

# सीएम बोले ओंकारेश्वर से घृष्णेश्वर तक बनाया जाएगा धार्मिक कॉरिडोर

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

मप्र और महाराष्ट्र के बीच अंततः ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज प्रोजेक्ट को लेकर समझौता हो गया। इस एमओयू पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हस्ताक्षर किए। इस प्रोजेक्ट से महाराष्ट्र के नागपुर और आसपास के जिलों को 40 साल तक पीने का पानी मिलेगा। वहीं, इससे मप्र की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार और खालवा तहसीलें में सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। इस परियोजना में कुल 31.13 टीएमसी पानी का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टीएमसी पानी मप्र को मिलेगा और 19.36 टीएमसी महाराष्ट्र को। इससे मप्र में 1.23 लाख हेक्टेयर और महाराष्ट्र में 2.34 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी।

सीएम डॉ. यादव ने बताया कि मप्र-महाराष्ट्र धार्मिक व औद्योगिक प्रोजेक्ट्स पर काम करेंगे। ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर को जोड़ एक धार्मिक कॉरिडोर बनेगा। जबलपुर से नागपुर तक एक डेडिकेटेड कॉरिडोर बनाने पर भी सहमति बनी। ÷तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना÷ विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंडवॉटर रीचार्ज परियोजना है।



## परियोजना विश्व में भूजल पुनर्भरण का लिखेगी नया अध्याय

यह एक अनूठी परियोजना है जो पूरे विश्व में भूजल पुनर्भरण का नया अध्याय लिखेगी। इससे प्रदेश के बड़े क्षेत्र विशेष रूप से निमाड़ का भूजल स्तर बढ़ेगा और यह वहां के लिए जीवन दायिनी सिद्ध होगी। इससे मध्य प्रदेश के लगभग 01 लाख 23 हजार तथा महाराष्ट्र के 2 लाख 37 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा विकसित होगी। यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश नदियों का मायका है तथा यहां 247 से अधिक नदियां प्रवाहित होती हैं। हमारी जल राशियों में अथाह गहराई है। गत लगभग 25 वर्षों से मध्य प्रदेश की कई अंतरराज्यीय परियोजनाएं राज्यों के बीच आपसी सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। फडणवीस ने कहा कि तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना विश्व की सबसे बड़ी वॉटर रिचार्ज स्कीम है जो की दुनिया का एक अजूबा है। मप्र एवं महाराष्ट्र राज्य की सीमा पर तापी नदी की घाटी में बजाडा जोन तैयार हुआ है जो ताप्ती नदी के समानान्तर जाता है, जिसमें वॉटर रीचार्ज की अद्भुत क्षमता है

## परियोजना में मुख्य रूप से चार जल संरचनाएं प्रस्तावित

**खरिया गुटीघाट बांध स्थल पर लो डायवर्सन वियर :** यह वियर दोनों राज्यों की सीमा पर मध्य प्रदेश की खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं महाराष्ट्र की अमरावती तहसील में प्रस्तावित है. इसकी जल भराव क्षमता 8.31 टीएमसी प्रस्तावित है।

**दाई तट नहर प्रथम चरण :** प्रस्तावित खरिया गुटीघाट वियर के दाएं तट से 221 किलोमीटर लंबी नहर प्रस्तावित है, जो मध्य प्रदेश में 110 किलोमीटर बनेगी. इस नहर से मध्य प्रदेश के 55 हज़ार 89 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी।

**बाई तट नहर प्रथम चरण :** प्रस्तावित खरिया गुटीघाट वियर के बाएं तट से 135.64 किलोमीटर लंबी नहर प्रस्तावित है जो मध्यप्रदेश में 100.42 किलोमीटर बनेगी। इस नहर से मध्यप्रदेश के 44 हज़ार 993 हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है।

### आरजीपीवी में सृजन कार्यक्रम अंतर्गत नवाचारी प्रोजेक्ट्स आधारित प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

# समाज के प्रश्नों के समाधान, शिक्षा के माध्यम से ही संभव: तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इनोवेट एमपी मिशन की दृष्टि से सृजित सृजन कार्यक्रम के प्रदर्शनी शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि समाज के प्रश्नों के समाधान, शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। विशेषकर ग्रामीण भारत में विद्यमान प्रश्नों का समाधान, शिक्षा के माध्यम से ही निकालना होगा। इसके लिए हमें अपने दायित्व का भान करने की आवश्यकता है। भारतीय समाज में हर विद्या-हर क्षेत्र में विद्यमान ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुनः शोध एवं अनुसंधान कर, दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता हैं। विश्व मंच पर भारतीय ज्ञान को तथ्यपूर्ण प्रमाण के रूप में दिखाने के लिए, शोध एवं अध्ययन को दस्तावेज से समृद्ध करना होगा। इसके लिए पूर्वजों के ज्ञान के प्रति स्वत्व का भाव जागृत करना होगा। बता दें कि इस प्रदर्शनी में 1600 से अधिक प्राप्त प्रविष्टियों में से चयनित 150 नवाचारी प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शन के लिए स्थान दिया गया है।



**भारत में हजारों वर्ष पूर्व इंजीनियरिंग और तकनीकी सहित हर क्षेत्र में काम हुए :** मंत्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा पर, प्रदेश में तीव्र गति से क्रियान्वयन हो रहा है। हर विद्या हर क्षेत्र में, भारतीय ज्ञान परम्परा पर पुनर्चिंतन हो रहा है। ईसा के पहले के भारत के समृद्ध ज्ञान पर, शोध एवं अध्ययन जारी है। भारत में हजारों वर्ष पूर्व इंजीनियरिंग और तकनीकी सहित हर क्षेत्र में काम हुए हैं, इसके प्रमाण विश्व मंच पर मिल रहे हैं। मंत्री परमार ने भारत के प्राचीन ज्ञान के विविध उदाहरण प्रस्तुत कर, भारतीय ज्ञान परम्परा पर प्रकाश डाला। मंत्री परमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य की चुनौतियों को समझकर, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 के लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ना होगा। आज के युवा विद्यार्थी ही, वर्ष 2047 का विकसित भारत गढ़ेंगे।

**विद्यार्थियों के रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, सृजन का उद्देश्य :** सचिव तकनीकी शिक्षा रघुराज राजेन्द्रन ने कहा कि समाज की चुनौतियों के समाधान उद्यमी और नवाचारी ही कर सकते है। उद्यमियों और नवाचारियों को स्वयं को प्रेरित करने से ही, लोककल्याण के लिए समाधान निकलेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजीव त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों के रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, सृजन का उद्देश्य है। इसके लिए विद्यार्थियों को, समस्याओं और चुनौतियों के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

### राहुल गांधी को लिया था निशाने पर

# तीखे बयान के दो सप्ताह बाद लक्ष्मण को कांग्रेस ने थमाया नोटिस

दोहपर मेट्रो, भोपाल

अपने अजब बयानों के लिये अब पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह पर कांग्रेस ने अनुशासन का घेरा कसा है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह को एआईसीसी ने संगठन महासचिव ) केसी वेणुगोपाल ने शोकॉज नोटिस जारी कर दिया है। वेणुगोपाल ने पार्टी विरोधी बयानों को लेकर लक्ष्मण सिंह से 10 दिनों में जवाब मांगा है। दरअसल काफी दिनों से कांग्रेस में अनुशासन स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है। अहमदाबाद अधिवेशन में भी इस पर बात हुई थी।



उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल को गुना जिले के राघौगढ़ में लक्ष्मण सिंह पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कह दिया था कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आतंकवादियों से मिले हुए हैं। कांग्रेस को उनसे समर्थन वापस ले लेना चाहिए। सिंह यहीं नहीं रुके, उन्होंने राहुल गांधी को भी सोच समझकर बात करने की नसीहत दे डाली थी और कहा था कि मैं कैमरे के सामने कह रहा हूं, पार्टी को मुझे निकालना हो तो आज निकाल दे। हमारी पार्टी के नेता सोच समझकर बोले, नहीं तो उन्हें चुनाव में परिणाम भुगतना पड़ेंगे। अब नोटिस जारी होने के बाद मप्र कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले का कहना है कि सार्वजनिक मंच पर दिए गए बयानों के संबंध में कारण बताओ नोटिस एआईसीसी ने जारी किया है, उन्हें 10 दिन के अन्दर इस नोटिस का जवाब देने का निर्देश कुल मिलाकर अब इस इस नोटिस से स्पष्ट संदेश है कि पार्टी की छवि और नेतृत्व के प्रति असम्मान जनक व्यवहार किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा।

## समर कैंप में 121 विद्यार्थियों ने की सहभागिता

**भोपाल। राजधानी के बरखेड़ी स्थित शासकीय सीएम राइज (सांदीपनि) उमा विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में 121 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस दौरान बैडमिंटन में आशीष सरोज, पेंटि में रचना भार्गव, रोबोटिक में नंदिनी गुप्ता, थियेटर में श्रेयांश गुप्ता द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया। बच्चों ने खेल-खेल में कई नई बातें सीखीं। इस अवसर र प्राचार्य के डी श्रीवास्ताव एवं नोडल प्रभारी अनीता सारस्वत भी उपस्थित रहे।**

# मध्यप्रदेश में एनर्जी हैंडलिंग का नया कीर्तिमान बना

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत प्रणाली के संचालन में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष प्रदेश के पारेषण नेटवर्क ने कुल 1,01,039.88 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.2 प्रतिशत अधिक है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की विद्युत कंपनियों के अभियंताओं और तकनीशियनों की विशेषज्ञता, कुशल प्रबंधन और विद्युत प्रणाली के उत्कृष्ट रख-रखाव का प्रतिफल है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए तीनों विद्युत कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी व कहा कि 24 फरवरी को मध्यप्रदेश में एक दिन में सर्वाधिक एनर्जी हैंडलिंग का रिकॉर्ड भी बना। इस दिन 353.77 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जो राज्य की विद्युत प्रणाली की उच्च कार्य क्षमता, विश्वसनीयता और स्थिरता का प्रतीक है।






### मेट्रो एंकर — देश में ऐसे 4 केंद्र बनेंगे, किसानों को ड्रोन उड़ाने दिया जाएगा प्रशिक्षण

# ड्रोन तकनीक सिखाने बुधनी में बनेगा ट्रेनिंग सेंटर

दोहपर मेट्रो, भोपाल

**देश के मौजूद चार केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में अब ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र भी बनेगा। इसके तहत राजधानी से साठ किमी दूर बुदनी के केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में इसे स्थापित किया जायेगा।**

ड्रोन तकनीक के जरिये महिला और पुरुष किसानों को खेती की हाईटेक पद्धति सिखाकर, उन्हें उन्नत किसान बनाया जा रहा है। बुधनी में भी जल्द ही इसमें विशेषज्ञों द्वारा किसानों को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण देना शुरू हो जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को खेती में उपयोग की जा रही हाईटेक पद्धतियों के बारे में प्रशिक्षित करना है। खास बात यह है कि महिलाओं को भी ड्रोन उड़ाने में प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि वे परिवार के पुरुष किसानों के साथ तकनीकी का फायदा उठाकर खेती में हाथ बंटा सकें।



## प्रशिक्षण लेने किसानों को 10वीं पास होना होगा जरूरी

इसका लाभ फसल में कीटनाशक, दवाएं व फर्टिलाइजर का छिड़काव करने में आसानी होगी। इभी बुदनी में ड्रोन प्रशिक्षण की तैयारियां चल रही है। जल्द ही नगर विमानन महानिदेशालय की टीम सेंटर का निरीक्षण करेगी। बुदनी में बनाए जा रहे ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र में 20 सीट होंगी। किसानों का कम से कम 10वीं पास होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि बुदनी केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान ड्रोन उड़ाने के लिए बेहतर है। यह देश का पहला केंद्र है, जो 1955 में अस्तित्व में आया था। यह ग्रीन जोन भी है। बुदनी के अलावा हिसार (हरियाणा), गरलादिन्ने (आंध्र प्रदेश), बिस्वनाथ चारियाली (असम) में भी ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे।

# साबुन ने कैसे सदियों से सभ्यता को सुरक्षित रखा

## दुनिया में हर साल 50 अरब डॉलर का खर्च



**टेडपोल (मेढ़क के बच्चे) की तरह साबुन के अणु का सिर गोल और पूंछ लंबी होती है। ये ही गुण साबुन को फिसलनयुक्त और सफाई में असरदार बनाते हैं। पानी में घुल जाने वाले अणुओं को 'हाइड्रोफिलिक' कहते हैं, जबकि पानी में नहीं घुलने वाले अणुओं को 'हाइड्रोफोबिक' कहते हैं। जैसे कि तेल या चिकनाई, जिसे सिर्फ पानी से नहीं हटाया जा सकता।**

■ **पॉल ई रिचर्डसन**

हजारों वर्ष पहले, हमारे पूर्वजों ने कुछ ऐसा खोजा, जो उनके शरीर और कपड़ों को साफ कर सकता था। किस्से के मुताबिक, किसी के भोजन में मौजूद वसा राख में गिर गई। वे यह देखकर हैरान रह गए कि वसा और राख के मिलने से एक ऐसा पदार्थ बना, जो चीजों को साफ कर सकता था। उस समय में यह उन्हें किसी जादू से कम नहीं लगा होगा। खैर, यह तो एक किंवदंती है, पर सच्चाई यह है कि साबुन की खोज लगभग पांच हजार वर्ष पहले दक्षिणी मेसोपोटामिया के प्राचीन शहर बेबीलोन (आज का इराक) में हुई थी। समय के साथ दुनिया भर के लोग साबुन का इस्तेमाल करने लगे। 1600 ईस्वी तक अमेरिकी उपनिवेशों में साबुन का उपयोग आम हो गया था, जो तब घर पर ही बनता था। साल 1791 में फ्रांस के रसायनशास्त्री निकोलस लेब्लांक ने पहली बार साबुन बनाने की प्रक्रिया का पेटेंट करवाया।

आज दुनिया भर में हर साल लगभग '50 अरब डॉलर' सिर्फ विभिन्न तरह के साबुन पर खर्च होते हैं। भले ही अरबों लोग रोज साबुन का इस्तेमाल करते हैं, फिर भी अधिकांश लोग नहीं जानते कि यह कैसे काम करता है। पानी दो हाइड्रोजन और एक ऑक्सीजन परमाणु से मिलकर बना होता है। पानी में घुल जाने वाले अणुओं को 'हाइड्रोफिलिक' (जल-प्रेमी) कहते हैं। जबकि पानी में नहीं घुलने वाले अणुओं को 'हाइड्रोफोबिक' कहते हैं। जैसे कि तेल या चिकनाई, जिसे सिर्फ पानी से नहीं हटाया जा सकता।

साबुन में हाइड्रोफिलिक और हाइड्रोफोबिक, दोनों गुण होते हैं। टेडपोल (मेढ़क के बच्चे) की तरह साबुन के अणु का सिर गोल और पूंछ लंबी होती है; सिर हाइड्रोफिलिक होता है, तथा पूंछ हाइड्रोफोबिक होती है। यही गुण साबुन को फिसलनयुक्त और सफाई में असरदार बनाता है। गंदगी हाइड्रोफिलिक और हाइड्रोफोबिक दोनों का मिश्रण होती है। इसलिए सिर्फ पानी से हाथ धोने पर गंदगी का हाइड्रोफिलिक हिस्सा दूर होता है, लेकिन साबुन से हाथ धोने पर हर तरह की गंदगी दूर हो जाती है।

साबुन के अणु आपस में मिलकर गंदगी को चारों ओर से घेर लेते हैं, जिससे मिसेल संरचना बनती है। यह संरचना बुलबुले की तरह दिखती है, जो गंदगी को फंसा लेती है और बहता पानी इसे पूरी तरह से धो देता है। गंदगी के अलावा, शरीर में कई तरह के सूक्ष्मजीव होते हैं, जैसे कि बैक्टीरिया। स्नान नहीं करने पर ये शरीर में बदबू पैदा करते हैं। साबुन इन सूक्ष्मजीवों की बाहरी झिल्ली को तोड़ देता है और पानी उनके शरीर के अवशेषों को धो देता है। कम से कम बीस सेकंड तक साबुन से रगड़-रगड़कर हाथ धोने चाहिए। है न कमाल की बात कि साबुन की छोटी-सी टिकिया ने सदियों से मानव सभ्यता को सुरक्षित रखा है!

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# जंग पर बनी फिल्में भी हुई सुपर हिट

**युद्ध का माहौल दर्शाती फिल्में हों या फिल्मी गीत- दर्शकों के जेहन व जुबान पर चढ़ जाते हैं। बॉर्डर पर तैनात सैनिक युद्धभूमि में हों, घायल हों या अपनों से दूर होने से निराश हों- उनमें जोश भरने, संकल्प दृढ़ करने और उम्मीदें जगाने में फिल्मी कहानियों व गीतों का अहम रोल रहा है। बलिदानी वीरों यानी शहीदों पर बनी ज्यादातर फिल्में सुपर हिट रही हैं।**

■ **अमिताभ स.**



'जब अमन की बांसुरी, गूंजे गगन के तले/ जब दोस्ती का दिया, इन सरहदों पे जले/.. बस इतना याद रहे, एक साथी और भी था...' फिल्म 'एलओसी कारगिल' का गीत जंग की बजाय बेशक अमन की राह दिखाता है। लेकिन जंग की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्में और उनके गाने खूब चलते रहे हैं।भारत रत्न लता मंगेशकर का भारत-चीन युद्ध के बाद 1963 में गाया 'ऐ मेरे वतन के लोगो..' हो, या 1965 की 'शहीद' फ़िल्म का अमर गाना 'मेरा रंग दे बसंती चोला..' हो, या फिर 1986 में रिलीज़ सुभाष घई की 'कर्मा' का गीत 'दिल दिया है, जान भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए..' भारत-पाक जंग के मौजूदा माहौल में एक बार फिर हर देशवासी देश प्रेम के जोशीले फ़िल्मी तराने गुनगुनाने लगा है। एआर रहमान का 1997 का 'मां तुझे सलाम.. वंदे मातरम..', 'द लीजेंड ऑफ भगत सिंह' (2002) का 'देश मेरे..', और 2019 की 'केसरी' का 'तेरी मिट्टी..' भी जोश जगाने के लिए पीछे कहां हैं।

### संदेशे आते हैं..'

करीब 28 साल पुराना गीत 'संदेशे आते हैं..' भी किसी से कम नहीं। गीत निर्देशक जेपी दत्ता की युद्ध शैली पर बनी 'बॉर्डर' (1997) फिल्म का है। सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना अभिनीत यह फिल्म लोंगेवाला क्षेत्र में भारतीय वीर जवानों के दल की कठिनाइयों को दर्शाती है। गीत 'संदेशे आते हैं.. 'असाधारण संवेदनशीलता के साथ रचा गया है। गीत के बोल राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाते-निभाते परिजनों से दूर होने के दर्द को जाहिर करते हैं।ऐसी कई फ़िल्में तो बनी ही युद्ध की पृष्ठभूमि पर हैं। दशकों पहले 1971 की भारत-पाक जंग के अगले साल रिलीज़ निर्देशक रामानंद सागर की 'ललकार' में अभिनेता राजेंद्र कुमार और धर्मेंद्र राजन और राम नाम के भाइयों की भूमिका में हैं। उन्हें द्वितीय विश्व युद्ध में जंग में भेजा जाता है। जब एक भाई को मृत मान लिया जाता है, तो दूसरे को गुप्त मिशन पर भेजा जाता है। किशोर कुमार और लता मंगेशकर की आवाज़ों से सजा गीत 'आज गा लो, मुस्कुरा लो..' याद दिलाता है कि संघर्ष की घनघोर छाया में भी प्रेम और जीवन कैसे कायम रहता है।उधर 'उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक' फिल्म का 'जग्गा जितेया ते मिल्लन वधाइयां..' पारंपरिक देशभक्ति गीत से हट कर है। एक योद्धा का यह गान मातृभूमि की रक्षा के लिए अंदरूनी ज्वाला चरम पर पहुंचाने में कसर नहीं छोड़ता। साल 2019 में रिलीज़ फिल्म 2016 के उरी हमले के लिए जवाबी कार्रवाई के घटनाक्रम का सिनेमाई रूप है। फ़िल्म में अभिनेता विक्की कौशल पाक इलाक़ों पर सर्जिकल स्ट्राइक का नेतृत्व करते काल्पनिक मेजर विहान सिंह शेरगिल के रोल में है।

### हिंदुस्तान की क़सम

'कर चले हम फ़िदा जान-ओ-तन साथियो..' गीतकार कैफ़ी आज़मी का शब्दबद्ध गाना शहादत की एक अमर कविता है। गीत चेतन आनंद निर्देशित 'हकीकत' (1964) फ़िल्म का है। फ़िल्म में धर्मेंद्र ने कैप्टन की भूमिका निभाई है। वह 1962 की चीन-भारत जंग में लड़ते हैं। 'हिंदुस्तान की क़सम.. न झुकेगा सर वतन का ..' कैफी आज़मी लिखित और चेतन आनंद निर्देशक जोड़ी की ही एक और पेशकश है। गीत मन्ना डे और मुहम्मद रफ़ी की आवाज़ से सज़ा और मदन मोहन के संगीत से खिला है।भारतीय सशस्त्र बलों का जश्न मनाता आधुनिक युद्ध गान है -'जय हिंद की सेना..'। यह चार साल पहले 2021 की फिल्म 'शेरशाह' का है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अभिनीत फिल्म के पीछे वास्तविक जीवन की प्रेरणाओं की भूमिका निभाते हैं कैप्टन विक्रम बत्रा। उनकी कुर्बानी का कारगिल युद्ध में भारत को विजयी बनाने में अहम रोल रहा है। '..जब अमन की बांसुरी, गूंजे गगन के तले.../ बस इतना याद रहे, एक साथी और भी थाज' हृदयविदारक ट्रैक गिरे हुए साथियों के लिए एक मार्मिक शोकगीत है फिल्म 'एलओसी कारगिल' का। साल 2003 की जेपी दत्ता की क्लासिक फिल्म भारतीय सैनिकों की जंग के दौरान की कहानी है। यह अजय देवगन, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, सैफ अली खान, सुनील शेट्टी और रानी मुखर्जी जैसे कलाकारों की मल्टीस्टारर युद्ध फिल्म है।

### 'कंधों से कंधे मिलते हैं..'

साल 2004 की फरहान अख्तर निर्देशित फिल्म 'लक्ष्य' ऐसे युवक की कहानी है, जिसका जीवन एक झटके में भारतीय सेना में शामिल होने के बाद बदल जाता है। फिल्म का 'कंधों से कंधे मिलते हैं..' गीत जंग ही नहीं, रोजमर्रा की जिंदगी में भी कर्तव्य को प्रेरित करने में सफल होता है। साल 2023 की फिल्म 'सैम बहादुर' में विक्की कौशल ने रौबदार सैम बहादुर की दमदार भूमिका निभाई। '..चट्टान से चौड़े, सीनों में तूफ़ान उठाना है, है जोश में सरफ़रोश ' गीत आगे बढ़ते सैनिकों की हौसला अफ़ज़ाई करता ही है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# टूटना, असल में आत्मा का गढ़ा जाना है...

■ ***सुंदर चंद ठाकुर***



*हर इंसान चाहता है कि उसे मज़बूत कहा जाए। लेकिन मज़बूती का अर्थ हमने धीरे-धीरे गलत समझ लिया है। हम सोचते हैं कि जो कभी टूटा नहीं, वही सबसे ताक़तवर है। जिसे ज़िंदगी ने हिला न पाई हो, जिसके चेहरे पर कभी आँसू न आए हों, जो हर चुनौती के सामने पत्थर बनकर खड़ा रहा हो - बस वही मज़बूत है। पर क्या यही सच है? या फिर सच्ची ताक़त उन लोगों में होती है जो हारे, टूटे, बिखरेज और फिर भी उठ जाएं। जिनके भीतर ज़िंदगी के तमाचे झेलने के बाद भी मुस्कराने की जगह बची रही।*

*दरअसल, टूटना कोई असाधारण बात नहीं है। जो भी संवेदनशील है, जो गहराई से महसूस करता है, जो संबंधों, सपनों, मान्यताओं और अपेक्षाओं से जुड़ा हुआ है - वो टूटेगा ही। वह कभी किसी प्रिय के चले जाने से, कभी किसी रिश्ते के बिखरने से टूटेगा, कभी अपने ही भीतर की विफलता से, कभी अपनों की बेरुख़ी से, और कभी उस चुप्पी से जो भीतर रिसती रहती है, बिना आवाज़ के। लेकिन टूटना और बिखरना जीवन का अंत नहीं है। कभी-कभी यह जीवन के नए अध्याय की भूमिका बनता है। जो लोग एक बार टूटकर उठते हैं, उनके उठने में एक नई किस्म की नमी होती है। वो केवल सफलता की भूख से नहीं, बल्कि आत्मबोध की गहराई से प्रेरित होते हैं। वो अब पहले जैसे नहीं होते। उनके भीतर एक परिपक्वता आ जाती है - एक ऐसी शांति जो जीवन के थपेड़ों से ही आती है। वो जान चुके होते हैं कि सब कुछ पकड़कर नहीं रखा जा सकता, कि हर चीज़ वैसी नहीं होती जैसी हम चाहते हैं, कि असफलता कोई चरम सत्य नहीं है। ताक़त सिर्फ़ इस बात में नहीं है कि आप कितनी बड़ी चुनौती झेल सकते हैं, बल्कि इस बात में है कि आप अपनी असफलता को कैसे देखते हैं। क्या आप टूटने के बाद खुद से नज़र चुराने लगते हैं? या फिर अपने ही अंदर एक नई रोशनी खोजने लगते हैं? क्या आप खुद को कोसते हैं, या फिर खुद को समझने लगते हैं?*

*ज़िंदगी में जो कुछ भी हमारे भीतर गहराई लाता है - वह हमें झकझोरता ज़रूर है। लेकिन उसी झकझोरने से भीतर कुछ जमता भी है। जिस मिट्टी को बिना हिलाए हम छोड़ दें, वह कभी समतल नहीं होती। उसमें कभी कुछ उगाया नहीं जा सकता। आत्मा भी वैसी ही है। उसे किसी न किसी आघात की ज़रूरत होती है - ताकि वह ठहरी हुई न रहे, बह सके, बढ़ सके।*

*टूटना यदि एक अनुभव है, तो उससे उभरना एक साधना है। और जो लोग इस साधना में सफल होते हैं, वही भीतर से ताक़तवर होते हैं - भले ही बाहर से साधारण दिखें। वे दूसरों को कम आंकना छोड़ देते हैं, दूसरों की तकलीफ़ को जल्दी समझते हैं, और जीवन को एक परिपूर्णता के साथ जीते हैं।ह ज़रूरी नहीं कि वे फिर कभी न टूटें। वे फिर भी टूट सकते हैं, लेकिन हर बार उनके टूटने में एक और रंग जुड़ता है - एक और सीख, एक और गहराई। वे हर बार नए सिरे से जीना सीखते हैं, और यही उनकी ताक़त है।*

*इसलिए अगर आप कभी टूटे हैं, तो इसे अपनी हार न समझिए। शायद यही वो क्षण था, जहाँ आपकी आत्मा गढ़ी जा रही थी। जहाँ आप भीतर से कुछ नया बन रहे थे। और यदि आप उस टूटन से उठ पाए, तो यक़ीन मानिए - आप पहले से कहीं अधिक पूर्ण, सशक्त और जीवित हैं।*

*यह ज़रूरी नहीं कि वे फिर कभी न टूटें। वे फिर भी टूट सकते हैं, लेकिन हर बार उनके टूटने में एक और रंग जुड़ता है - एक और सीख, एक और गहराई। वे हर बार नए सिरे से जीना सीखते हैं, और यही उनकी ताक़त है।*

*इसलिए अगर आप कभी टूटे हैं, तो इसे अपनी हार न समझिए। शायद यही वो क्षण था, जहाँ आपकी आत्मा गढ़ी जा रही थी। जहाँ आप भीतर से कुछ नया बन रहे थे। और यदि आप उस टूटन से उठ पाए, तो यक़ीन मानिए - आप पहले से कहीं अधिक पूर्ण, सशक्त और जीवित हैं।*

***(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)***

# बारात को लौटना पड़ा बगैर दुल्हन के, 13 साल की नाबालिक का हो रहा था विवाह

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

**दोनों पक्ष को समझाइश दी दोनों के वयस्क होने पर ही करें विवाह**

शनिवार के दिन एक नाबालिक बच्ची की शादी होने जा रही थी यहां तक की बारात को बिगर दुल्हन के खाली हाथ जाना पड़ा यह वाक्या उस समय हुआ जब इस बात की सूचना मोबाइल के माध्यम से प्रभारी परियोजना अधिकारी रेखा यदुवंशी को मिली कि सिवनी मालवा के विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम शिरुपुरा की बालिका का बाल विवाह हो रहा है। सूचना मिलने पर महिला बाल विकास की टीम के साथ पुलिस विभाग से अशोक मीणा ने मौके पर पहुंच कर बालिका के दस्तावेजों का अवलोकन किया। जिसमें पाया गया कि बालिका की उम्र 13 वर्ष है आधार कार्ड/कक्षा दूसरी की मार्कशीट के अनुसार जन्मतिथि 20 अगस्त 2012 है दोनों ही दस्तावेज ग्राम सुपरली के पाए गए जिसका विवाह जिला आगर ग्राम गुर्जर खेड़ी के रहने वाले युवक के साथ होने वाला था। परंतु टीम के पहुंचने पर दोनों पक्ष को समझाइए दी गई बारात को वापस लौटाया गया बालिका वर्तमान में शिरुपुरा में ही है दोनों पक्ष को समझाइश दी गई की दोनों के वयस्क होने पर ही विवाह करें। समझाइस के बाद दोनों पक्ष मान गए और बारात को वापस लौटाया गया इस पूरे घटना क्रम से बाल विवाह होने से रुकवाया गया महिला बाल विकास की टीम में पर्यवेक्षक सारीका साध शकुंतला गौर भारत सिंह धनवारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





# एसडीआरएफ टीम ने एनसीसी एनएसएस बालिका कैडेट्स को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण




**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

देश की बाह्य एवं आंतरिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशों के पालन में शासकीय होम साइंस गर्ल्स कॉलेज, नर्मदापुरम में आज विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र में एस.डी.ई.आर.एफ. (स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स) की टीम ने एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं अन्य 200 बालिका कैडेट्स को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, हवाई हमले के बाद बचाव एवं राहत कार्यों सहित अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन की सहायता हेतु आवश्यक तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

टीम प्रभारी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेट्स को विपरीत परिस्थितियों में जागरूक, सक्षम एवं तैयार बनाना है, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

### कलेक्टर एवं एसपी ने कानून व्यवस्था, आंतरिक एवं नागरिक सुरक्षा पर ली बैठक

# सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करें : कलेक्टर

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरु करण सिंह द्वारा कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा कार्य योजना को लेकर समस्त एसडीएम एवं एसडीओपी की बैठक आज कलेक्टर सभाकक्ष में ली गई। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा बैठक में निर्देश दिए गए की जिले में शांति व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु यथा आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट या भ्रामक खबरें फैलाने वाले व्यक्तियों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करें। साथ ही आपदा प्रबंधन हेतु सरकारी एजेंसियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा आम जनता के बीच परस्पर सहयोग स्थापित किया जाए। नागरिक सुरक्षा हेतु वॉलिंटियर्स एवं आपदा मित्रों का चयन किया जाए एवं सभी चयनित वॉलिंटियर्स एवं आपदा मित्रों को प्रशिक्षण देकर सक्षम बनाया जाए।



पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरुकरण सिंह ने समस्त एसडीएम एवं पुलिस अमले को सतर्क, सजग एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर विशेष सेल गठित कर निगरानी रखी जाएगी एवं किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक भड़काऊ या झूठी जानकारी पोस्ट करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पृथक बैठक में जनप्रतिनिधियों से जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु, नागरिक सुरक्षा गतिविधियों एवं वॉलंटियर्स के चयन में आवश्यक सहयोग हेतु चर्चा की गई।

**जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी**

### सेना के नाम पर राहत राशि मांगने वाले फर्जी अकाउंट से रहे सावधान

**नर्मदापुरम।** वर्तमान में सीमा पर तनाव की स्थिति को देखते हुए कई ऐसे फर्जी अकाउंट सक्रिय हो सकते हैं जो आपातकाल की स्थिति को देखते हुए सेना के लिए राहत राशि या फंड एकत्रित करने के नाम पर अपना फर्जी अकाउंट जारी करते हैं , एवं लोगों से सेना के नाम पर राहत राशि या धन राशि के सहयोग की मांग एवं अपेक्षा करते हैं। ऐसे सभी फर्जी अकाउंट से सावधान रहने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी में कहां गया है कि वर्तमान में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा राहत राशि के नाम पर कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं और ना ही कोई अकाउंट नंबर जारी किया गया है। जब तक शासकीय तौर पर कोई अपील या आदेश जारी नहीं होते हैं तब तक कोई भी व्यक्ति किसी भी अनजान अकाउंट में पैसे जमा ना करें । फर्जी अकाउंट में पैसे जमा करने वाले व्यक्ति ठगी के शिकार हो सकते हैं। सभी व्यक्तियों से अपील की गई है कि ऐसे फर्जी अकाउंट एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी नंबर या अकाउंट पर रुपए ना डालें। ऐसे झूठे एवं फर्जी अकाउंट से सतर्क एवं सजग रहे।

### संपूर्ण जिले में आयोजित हुई वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत

# 24 खण्डपीठों ने 920 मामले निपटाए 1608 पक्षकार हुए लाभान्वित

**न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में लगभग 14,37,50,000 रुपए के अवार्ड पारित किये गये**

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश के मार्गदर्शन में दिनांक 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालवा में किया गया। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन एवं शुभारंभ अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय कुमार पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला एवं तहसील न्यायालयों में कुल 24 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया था, जिनके द्वारा न्यायालयों में लंबित कुल 468 प्रकरणों का निपटारा किया गया, साथ ही विभिन्न विभागों से संबंधित 452 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निपटाये गये। इसी के साथ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में लगभग 14,37,50,000 रुपए के अवार्ड पारित किये गये, तथा विभागीय प्रकरणों में लगभग 5,86,00,000 रूपये की वसूली हुई। इस नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा, चैक बाउंस, शमनीय अपराध, वैवाहिक मामलें, विद्युत चोरी से संबंधित मामलों के साथ-साथ सिविल तथा राजस्व मामलें निपटारे के लिए रखे गये थे।

लोक अदालत के दौरान मोटर दुर्घटना दावा- 09 प्रकरण निराकृत हुए जिसमे 47,30,000 रूपये के अवार्ड पारित हुआ। इसी प्रकार चैक बाउंस के मामलें 129 प्रकरण निराकृत हुए 5,83,98,401 रूपये के अवार्ड पारित हुआ, आपराधिक शमनीय प्रकरण 146 प्रकरण निराकृत जिसमे कोई भी अवार्ड पारित नहीं हुआ, वैवाहिक मामले 56 मामलें निराकृत हुए, विद्युत चोरी के मामले 35 लंबित प्रकरण में 8,69,789 रूपये की वसूली लंबित मामलों में तथा निराकृत 288 प्रीलिटिगेशन निराकृत में 27,65,022 रूपये की वसूली प्रीलिटिगेशन मामलों में, संपत्तिकर के 92 मामलें निराकृत 9,15,023 रूपये की वसूली प्रीलिटिगेशन मामलों में, जलकर के 50 मामलें निराकृत 1,81,431 रूपये की वसूली प्रीलिटिगेशन मामलों में, बैंक रिकवरी 22 मामलें निराकृत 2006328 रूपये की वसूली प्रीलिटिगेशन मामलों में प्राप्त हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय सिंह ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरणों के निराकरण पक्षकारों में व्याप्त मतभेद हमेशा के लिए खत्म हो गया है। लोक अदालत में पक्षकारों के धन एवं समय दोनों की बचत होती है तथा उसे लंबी न्यायिक प्रक्रिया से भी छुटकारा मिल जाता है।

# पुलिस संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों की कर रही पहचान, दस्तावेजों की भी हो रही जांच

**थाने में सूचना दिए बिना किरायेदार रखे तो होगी कार्रवाई**

**गंजबासौदा दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा अनुविभागीय अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक आशुतोष सिंह द्वारा बाहर से आए कारीगरों, मजदूरों, कर्मचारियों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं किरायेदारों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत थाना देहात क्षेत्र में निवासरत बाहरी व्यक्तियों तथा कारीगरों की पहचान एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।

साथ ही क्षेत्र के समस्त होटल गार्डन और धर्मशालाओं के संचालकों की एक बैठक लेकर उन्हें यह निर्देशित किया गया है कि उनके यहाँ ठहरने वाले प्रत्येक बाहरी नागरिक या संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी प्रतिदिन संबंधित थाने को दी जाए। इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी जानकारी संकलित की जा रही है। रुकने वाले व्यक्तियों का थाना स्तर पर सत्यापन किया जा रहा है।



मोबाइल दुकानदारों की एक बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि नए या पुराने मोबाइल, सिम आदि बेचते समय ग्राहकों के पहचान संबंधी दस्तावेजों का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है।

क्रेशर एवं विस्फोटक सामग्री (मैगजीन) संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विस्फोटक सामग्री का उपयोग सुरक्षा मानकों के पालन व थाने को पूर्व सूचना देने के बाद ही किया जाए।

इस संबंध में एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा मैगजीनों का निरीक्षण भी किया गया। जिसमें लाइसेंस धारकों को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं सभी कर्मचारियों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। थाना पुलिस द्वारा सभी नगरवासियों से अपील की जाती है कि वे अपने किरायेदारों घरेलू सहायकों आदि की जानकारी नगर पालिका के वार्ड प्रभारी या संबंधित थाने को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।वर्तमान समय की परिस्थितियों को देखते हुए आप सभी से अनुरोध है कि सतर्क रहें एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

शासन व प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

**मेट्रो एंकर** सेना के जवानों के साथ रथ पर सवार हुई भारत माता जगह-जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत

# कलश यात्रा में भगवा ध्वज के साथ लहराया तिरंगा

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

गंज हनुमान मंदिर पर 51 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा शनिवार को गाजे बाजे के साथ शीतला माता मंदिर से प्रारंभ हुई जो की नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सिरोंज चौराहा होकर हनुमान मंदिर यज्ञ स्थल पहुंची।

धर्म से ऊपर राष्ट्र होता है इसकी झलक नगर में निकली भव्य कलश यात्रा में दिखाई दी जब हजारों महिलाएं सिर पर मंगल कलश के साथ तिरंगा लेकर साथ में चली। घुड़ सवार नारी शक्ति धर्म ध्वजा लिए कलश यात्रा के सबसे आगे आगे चल रही थी तो रथ पर सवार भारत माता सेना के जवानों के साथ उनका मनोबल बढ़ाते हुए दिखाई दे रही थीं। कलश यात्रा में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था आयोजन समिति ने 1100 कलशों की व्यवस्था की गई थी लेकिन 4000 से अधिक महिलाएं कलश यात्रा में शामिल शामिल हुई। शहर में जगह-जगह कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया और 10 कुंटल से अधिक पुष्पों से वर्षा हुई। जगह-जगह कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने ठंडा पानी और शरबत पिलाकर स्वागत किया।



कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी जो की शाम 6 बजे तक चलेगी। कथा का वाचन वृंदावन से पधारे भागवत भास्कर श्रीकृष्ण चंद्र ठाकुर द्वारा किया जाएगा। कलश यात्रा में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी,राजेश तिवारी नीलेश अग्रवाल, जगदीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

आज से आरंभ होने जा रहे श्रीराम महायज्ञ में भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने और राष्ट्र की समृद्धि के लिए राष्ट्र सूक्त की आहुतियां छोड़ी जाएगी। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बीच भारतीय सेना का मनोबल को बढ़ाने के लिए हर भारतीय अपने-अपने तरह से कामना कर रहा है।

यज्ञ के आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि इस समय राष्ट्र पर जो विपत्ति है उसमें पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। धर्म से पहले राष्ट्र होता है, हमारी सेना के आत्मबल में वृद्धि हो और वह अताताइयों का मुंह तोड़ जवाब दे इसलिए प्रतिदिन देवताओं के आव्हान के साथ काशी बनारस प्रयागराज भोपाल वृंदावन आचार्य के मार्गदर्शन में यजमानों द्वारा राष्ट्र सूक्त की आहुतियां दी जाएगी।

# हज के सफर के लिए रवाना हुए नर्मदापुरम से हाजी



**नर्मदापुरम।** शहर नर्मदापुरम से हज के मुकद्दस सफर पर हाजियों का जत्था रेलवे स्टेशन से मुंबई के लिए रवाना हुआ. मुंबई से फ्लाइट के ज़रिये ये कारवा मक्का मदीना के लिए उड़ान भरेगा. इस दौरान शहर के नागरिकों द्वारा हाजियों को विदा करने के लिए काफी संख्या मे शुभचिंतकों और रिश्तेदारो ने स्टेशन पहुंचकर उनका पुष्पमाला पहनाकर और गले मिलकर इस्तक़बाल किया । इस दौरान फैजान उल हक, रिजवान खान नावेद कुरैशी हाजी हुसैन खान खान हबीब खान फैजान खान जब्बार खान शेख हबीब अफजल खान वसीम बॉक्स एस कुरैशी मेराज उल हक डॉक्टर मोइन खान वसीम बॉक्स मोहम्मद आमिर मोहम्मद वकार मोहम्मद हाशिम आदि उपस्थित थे।

# नवनियुक्त शिक्षकों ने तबादला नीति में शिथिलता प्रदान करने की उठाई मांग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नवनियुक्त शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी भोपाल पहुंचकर नई स्थानांतरण नीति में शिथिलता प्रदान करते हुए अन्य सभी विद्यालयों के विकल्प खोलने की मांगों को लेकर आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय विभाग से लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौंपें हैं !

**■ आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूल शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन**

नवनियुक्त शिक्षक संघ की तरफ से रंजीत गौर,अजय छावरिया,मीना लोधी,अनसुलिका वर्मा, हलीमा खान,कमलेश,अमजद खान,उमाकांत सहित अन्य नवीन शिक्षकों का कहना है कि पूर्व में नवनियुक्त शिक्षकों को 2022 में सभी विद्यालयों के लिए विकल्प खोले गए थे,उसी तरह इस बार लंबे समय बाद स्थानांतरण नीति आई है,हम सभी शिक्षक अपने घरों से कई किलोमीटर दूर अध्यापन का कार्य कर रहे है एवं किसी के छोटे बच्चे है,तो कोई अपने बीमार माता-पिता की देखभाल नहीं कर पा रहा है,इस तरह की विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा मानवीयता के आधार पर नवनियुक्त शिक्षकों के लिए अन्य सभी विद्यालयों के चयन के विकल्प खोले जाएं। साथ ही साथ अतिशेष शिक्षकों की प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाया जाने की मांग इन सभी शिक्षकों द्वारा की जा रही है। ज्ञापन सौंपने से पूर्व इन सभी नवनियुक्त शिक्षकों ने इस वर्ष के हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी स्कूल में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम बधाई भी दी है जिनके मार्गदर्शन में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिल रहा है।



### विधायक ने अधिकारियों के साथ किया उत्कृष्ट मार्ग पर बन रही सीसी रोड का निरीक्षण

# निर्माण में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताई

**■ गुणवत्ता सुधारने के निर्देश देकर प्रयोग की जा रही सामग्री की जांच के लिए एकत्रित करवाए सेंपल**





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को विधायक शर्मा ने प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ चल रहे निर्माण कार्यों का ओचक निरीक्षण किया। शाम को वह करीब पांच बजे काशी घाट से पंचकुईया तक बन रही निर्माणाधीन सीसी सड़क का मुआयना करने पहुंचे थे। सीसी सड़क के निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मौके पर मौजूद एसडीएम हर्षल चौधरी से बनवाएं सड़क के बेस वर्क के सेंपल एकत्रित कर जांच करवाने के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर तहसीलदार संजय चौरसिया एवं पीडब्ल्यूडी एसडीओ पाठक जी ने

चार स्थानों से सेंपल एकत्रित कर पंचनामा बनाकर जांच के लिए भेजा। इस मौके पर उन्होंने ठेकेदार एवं स्थानीय निर्माण एजेंसी नगर पालिका के अधिकारियों से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाए जाने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि देश में एवं मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता जनार्दन हित में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के विकास में विकास कार्यों को संपादित कर रही है। इसके लिए धरातल पर गुणवत्तापूर्ण रिजल्ट देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है ।



उल्लेखनीय हे कि विधायक उमाकांत शर्मा के विशेष प्रयासों से कायाकल्प योजना फेस टू के अंतर्गत काशी घाट से पंचकुईया के तिराहे तक करीब सात सौ मीटर लंबी तथा बारह मीटर चौड़ी सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण की शिकायतें प्राप्त हो रही थी।

इसके अलावा इसी उत्कृष्ट सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण के लिए बड़े बिजली के पोल लगाने का कार्य भी अन्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में बिजली के पोल खड़े करने के लिए जमीन में कॉलम खड़े किए जा रहे हैं। विधायक शर्मा ने मौके पर इन कॉलम के आसपास की खुदाई करवाकर इसकी गहराई एवं गुणवत्ता को भी जांचा। यह कॉलम भी तय मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने से उन्होंने संबंधित इंजीनियर से इन पोलो के कॉलम में सुधार करवाए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,पार्षद टीकाराम शाक्य,सचिन शर्मा,बलजीत यादव,सीएमओ रामप्रकाश साहू,इंजीनियर रोहित तोमर,अखिलेश मार्को सहित प्रशासन के कर्मचारी मौजूद थे।

## भिलाय के नागरिकों की पेयजल व बिजली की समस्या का समाधान



**सिरोंज।** बासौदा विकास खंड के ग्राम भिलाय में ग्रामीणों द्वारा अपनी समास्याओं के समाधान हेतु उदयपुर – घटेरा मार्ग पर चक्काजाम कर ग्रामीणोजनों द्वारा ग्राम के हेंड पंपों से गंदा पानी आने एवं विद्युत विभाग के फीडर से सुचारू विद्युत सप्लाई न होने से नलजल योजना से पानी नहीं मिलने की शिकायत की ओर ध्यान आकर्षित कराया। तत्काल मौके पर अधिकारियों ने पहुंच कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराएं जाने से आश्वस्त कराया गया था। बासौदा जनपद सीईओ श्रीमती तपस्या जैन ने समस्याओं के समाधान हेतु की गई कार्यवाही पर आधारित प्रतिवेदन स्थानीय एसडीएम को प्रेषित किया गया है। उसमें उल्लेख जानकारी तदनुसार किया गया था। ग्राम भिलाय में मौके पर विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे जिनको विजली सप्लाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए। उनपर अमल करते हुए बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराईं गई है। ग्राम में लगाये गये हैंडपंपों का पीएचई विभाग के उपयंत्री के साथ निरीक्षण किया गया हेंडपंप से स्वच्छ पानी आ रहा था व ग्राम भिलाय में 250 वीघा का शासकीय जल संसाधन विभाग का तालाव है। उसकी मौरी टूटी हुई है जिसकी मरम्मत होनी है। मौके पर उपस्थित जल संसाधन विभाग के उपयंत्री द्वारा बतलाया गया कि तालाव की मोरी का स्टीमेट बनाया जा चुका है शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा एवं एक माह में कार्य पूर्ण हो जायेगा।

## अमेजॉन, फ्लिपकार्ट एवं वालमार्ट ई-कॉमर्स कंपनियों के विरोध में प्रदर्शन, फूंका पुतला



**सिरोंज ।** शुक्रवार को ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ अखिल भारतीय व्यापार मंच की ओर से क्षत्रि चोराहे पर फ्लिपकार्ट, अमेजॉन, वॉलमार्ट एवं ई– कामर्स कंपनियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जबरजस्त नारे बाजी की, इसके उपरांत पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों की ओर से सरकार से मांग करते हुए वीरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि इन बाहरी ऑनलाइन कंपनियों को भारत में व्यापार की अनुमति न दी जाए। वॉलमार्ट, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियां भारत से मुनाफा कमाकर विदेश भेजती हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। स्थानीय खुदरा विक्रेताओं से कम कीमत पर सामान बेचकर ये कंपनियां देश के व्यापारियों को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान पर भी कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा की दुश्मन देश को जिस तरह हमारे देश की सेना जवाब दे रही है यह हमारे लिए गर्व की बात है, यदि हमारा देश मजबूत होगा, आत्मनिर्भर होगा तो हमारे देश के लोगों को लाभ मिलेगा और दुश्मन देश कमजोर होंगे, इस दौरान पाकिस्तान के विरुद्ध भी जबरदस्त नारेबाजी की गई। वही उनकी मांग है कि ऐसी कंपनियों को सरकार देश में व्यापार करने की इजाजत ने दे। व्यापारियों का कहना है कि सरकार व्यापार को बढ़ावा देने की बात करती है तो वहीं दूसरी तरफ भारत में ऑनलाइन कंपनियों की भरमार होती चली जा रही है। इस दौरान चरण सिंह रघुवंशी ने कहा कि विदेशी ऑनलाइन कंपनियां हमारे देश की अर्थव्यवस्था को खराब कर रही हैं। हम सरकार से अपील करते हैं कि इन कंपनियों को जल्द से जल्द भारत में बंद किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो हम एक बड़ा आंदोलन करेंगे। आने वाले दिनों में ऑनलाइन कंपनियों के विरोध में शहर बंद करने का भी आवाहन किया गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय व्यापारमंच के प्रमोद रघुवंशी, रिंकू शर्मा, शिवराज सिंह, देवीसिंह, प्रहलाद सिंह, विकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## हाजीपुर 33 केंद्र की सप्लाई आज रहेगी बंद

**सिरोंज।** बिजली वितरण कंपनी के द्वारा आज सुबह 8 बजे से लेकर 12⁻ तक हाजीपुर 33 केवी केंद्र के फीटर पर रखना का कार्य किया गया इसके चलते इस केंद्र से संचालित होने वाले क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बिजली वितरण कंपनी एई सुशील समेले ने बताया कि समय में घटा बड़ी हो सकती है।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर ,ढाई साल के बच्चे की मौत, दो घायल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**





शनिवार को स्विफ्ट कर के चालक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसके चलते मौके पर ही ढाई साल के बच्चे की मृत्यु हो गई इस घटना में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं ।जिसमें पत्नी प्रेग्नेंट है उसके बच्चा भी मिसकैरेज हो गया ऐसी जानकारी सूत्रों ने दी है । दुर्घटना की सूचना के बाद तत्काल घायलों को शासकीय अस्पताल ले गया जहां पर हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बद डॉक्टर ने रेफर कर दिया इधर पुलिस ने बताया कि मूडरा बंगाल निवासी सलमान सलमान अहिरवार, अपनी पत्नी काजल और बच्चे कृष्ण के साथ पत्नी का इलाज करवाने के लिए गांव से अस्पताल जा रहे थे। तभी बासौदा रोड पर नहर की पुलिया के पास में सिरोंज से बासौदा की ओर जा रही स्विफ्ट कर ने इनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी इसकी चपेट में आने से मासूम की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरी ओर पत्नी के पेट में पल रहे बच्चा एक्सीडेंट की वजह से मिसकैरेज होने की सूचना मिली है। इधर पुलिस ने स्विफ्ट कर को जप्त कर लिया चालक फरार है। दुर्घटना को अंजाम देने पर अज्ञात वाहन चलाक पर लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

## डेढ़ सौ बच्चों के साथ आध्यात्मिक जैनत्व बाल युवा शिक्षण शिविर का शुभारंभ

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

अपने बच्चों को विरासत में सम्पत्ति नहीं जिनधर्म के संस्कार दीजिए। जिन देशना प्रथम आध्यात्मिक जैनत्व बाल युवा शिक्षण शिविर जैनत्व बाल-युवा शनिवार प्रारंभ हुआ जो कि 16 मई तक श्री शीतलनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर ट्रस्ट अंदर किला में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवक्ता शोभित जैन ने बताया कि प्रथम दिवस 150 से अधिक युवाओं एवं बच्चों के रजिस्ट्रेशन कर शिक्षण शिविर में शामिल हुए। जिसमें सर्व प्रथम ध्वजारोहण ध्वजारोहण कर्ता पं. शिखर चंद जैन,डॉ संजय जैन,राजीव जैन,आलोक जैन अलंकार ज्वेलर्स ने किया एवं शिविर आमंत्रणकर्ता अनुराग जैन, एकांत जैन शीतल ज्वेलर्स ने स्वस्तिक चिन्ह बना कर शिविर प्रारंभ किया। जिसके पश्चात सभी बच्चों ने संगीतमय पूजन,प्रक्षाल आदि सम्पन्न किया। शिविर में सभी आयु वर्ग को विभिन्न कक्षाओं में विभाजित किया गया एवं उन्ही कक्षाओं में विभिन्न विषयों की क्लास आयु अनुरूप प्रारम्भ की गई। शिविर में सांय कालीन 7:30 बजे से भक्ति एवं कक्षाएं भी संचालित की गई।



इसके पश्चात संगीतमय कथा का आयोजन भी किया गया। जिसमें अत्याधुनिक तकनीक द्वारा ऑडियो विजुअल्स कथा कराई गई। तो वही 9 बजे रात्रि से संस्कृतिक कार्यक्रम षटलेश्या नामक आध्यात्मिक नाटक का मंचन बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया। यह शिविर सात दिन नियमित रूप से चलेगा। इस शिविर में मुख्य सुविधाएँ जो कि शिविरार्थी बच्चों के लिए निःशुल्क अध्ययन सामग्री,यातायात की व्यवस्था शहर के सभी प्रमुख स्थानों व जैन मंदिरों एवं स्वल्पाहार की समुचित व्यवस्था की गई है। इस शिविर में विशेष आकर्षण विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिदिन पुरस्कार वितरण भी किए जायेंगे। शिविर में विशेष विद्वान समागम निखिल भैया मुम्बई एवं समस्त स्थानीय विद्वानों का समागम होगा।

**मेट्रो एंकर**

### एसडीएम हर्षल चौधरी ने लोक सेवा केंद्र का लिया जायजा

# सेवाओं, शुल्क और दस्तावेज की लिस्ट सूचना पटल लगाने के निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को तहसील कार्यालय के परिसर में संचालित होने वाले लोक सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण करने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी, तहसीलदार चौरसिया के साथ पहुंचे कमियां मिलने पर इनमें सुधार करने के निर्देश दिए यहां पर तीन काउंटरों से सेवाएं प्रदान की जाती है यहां पर तीनों ऑपरेटर के नाम ओर नंबर लिखे जाए जिससे कि पता चले कौन से काउंटर से काम किया गया है।

शिकायत मिलने पर संबंधित ऑपरेटर की जानकारी होने पर कार्रवाई की जा सके अभी इसका पता ही नहीं चलता है इसके अलावा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं की सूची सूची लगे जाए इनमें लगे वाले दस्तावेजों के नाम कितनी शुल्क ली जा रही है उसकी जानकारी सूचना पटल लगाई जाए बैठक की उचित व्यवस्था है पानी के इंतजाम होने चाहिए शासन की योजनाओं के संबंध में बैनर पोस्टर लगाए जाएं दो दिवस पुताई करने के निर्देश दिए क्योंकि पता ही नहीं होने से केंद्र की हालत ठीक नजर नहीं आ रही थी कई सेवाओं के नाम पर अधिक वसूली की लगातार शिकायत है सामने आए थे। इसके बाद एसडीएम ने यहां पर पहुंच कर जिम्मेदारों को सख्त हिदायत दी है। इसके बाद कमियां मिलने पर कड़ी करवाई की चेतावनी दी है।



## एसडीएम ने अस्पताल के स्टोर रूम की जांच की

**सिरोंज।** शनिवार को देर शाम को एसडीएम हर्षल चौधरी शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचाओ ने यहां पर संचालित होने वाले स्टोर रूम पर दवाइयां को देखा और एक्सपायरी डेट की दवाई तो नहीं रखी है उसको देखी साथ ही कौन-कौन सी सामग्री उपलब्ध है उसकी बारीकी से जांच की अस्पताल में साफ सफाई पानी के विशेष इंतजाम करने की हिदायत दी गई। इसके अलावा अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए पूरे समय ड्यूटी डॉक्टर मौजूद रहे मेरी डॉक्टरों खोजते हुए ना मिले अस्पताल में बेहतर सुविधा मिले इस बात का भी ध्यान रखें। इसके संबंध में बीएमओ तथा स्टाफ को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए सरकारी दावों की उपलब्धता पूरी रहे एक्सपायरी डेट की दवाई नहीं होनी चाहिए अन्य सामग्री का उपयोगी मरीज के हित में किया जाए इसके अलावा एनआईसी केंद्र का भी जायजा लिया।

### एशिया क्वालीफायर | यूएई विमेंस ने पूरी टीम को रिटायर आउट किया-

# कतर को 29 पर ऑलआउट करके मैच जीता, 193 रनों का दिया था लक्ष्य

**यूएई, एजेंसी**

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालीफायर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पूरी टीम को रिटायर आउट कर दिया। शनिवार को बैंकॉक के टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में कतर के खिलाफ यूएई ने 16 ओवर में 192 रन बनाए। लेकिन जब टीम को लगा कि बारिश की संभावना है, तो उसने अपनी पूरी टीम को रिटायर्ड आउट कर दिया। टी-20 इंटरनेशनल मैच में पारी घोषित करने का नियम लागू नहीं होता। इसलिए ओपनर्स तीर्था सतीश और कप्तान ईशा रोहित ओझा ने अंपायर को सूचना दी और अपने पवेलियन की ओर चले गए। टीम ने बचे हुए 4 ओवर भी नहीं खेले। यूएई की ईशा के शतक की बदौलत कतर को 193 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में कतर 11.1 ओवर में 29 रन पर सिमट गई। इस तरह यूएई को 163 रन से जीत मिली।

### ग्रुप-बी के टॉप पर पहुंची यूएई

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालीफायर में 3 ग्रुप बनाए गए हैं। कतर के खिलाफ जीत के साथ यूएई के 4 अंक हो गए हैं। टीम का रनरेट +6.998 है और ग्रुप-बी की टॉप टीम है। यूएई ने कतर को हराने से पहले मलेशिया पर 9 विकेट की जीत के साथ टूनार्मेंट की शुरूआत की। उनका अगला मैच 13 मई को बैंकॉक में इसी मैदान पर मलेशिया के खिलाफ है।



### 192 रन कतर के लिए काफी था

यूएई की कप्तान ईशा ने 55 बॉल 113 रन की पारी खेली। उन्होंने पारी में 14 चौके और 5 छक्के लगाए। दूसरी ओपनर तीर्था सतीश ने 11 चौकों की मदद से 74 रन बनाए। दोनों ने मिलकर 192 रन की साझेदारी की। ऐसे में टीम को लगा यह स्कोर कतर के लिए काफी है और ऐसा हुआ भी क्योंकि कतर 11.1 ओवर में 29 रन पर ऑलआउट हो गई। ईशा ने बॉलिंग में भी एक विकेट लिया और प्लेयर ऑफ द मैच रही। स्पिनर मिशेल बोथा ने 4 ओवरों में 11 रन देकर 3 विकेट चटकाए। केटी थॉम्पसन ने दो विकेट लिए, जबकि हीना होतचंदानी, इंधुजा नंदकुमार और वैष्णव महेश ने एक-एक विकेट लिया।

### आईपीएल-2025 टूर्नामेंट को लेकर सामने आई बड़ी जानकारी

# सिर्फ तीन स्थल पर ही खेले जाएंगे शेष बचे सत्र के मैच



**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2025 के दोबारा शुरू होने पर इस मुकाबले सीमित जगह तक ही आयोजित किए जा सकते हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, एक सप्ताह के लिए आईपीएल 2025 का सत्र स्थगित होने के बाद अगर मई में इसे दोबारा शुरू किया जाता है तो सिर्फ तीन शहरों में इसके मैच आयोजित कराए जा सकते हैं। इसके लिए बंगलूरू, चेन्नई और हैदराबाद के शहरों के चयनित किया गया है।

**एक सप्ताह के लिए स्थगित हुआ था टूर्नामेंट** – भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल का मौजूदा सत्र एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया था। आईपीएल का 18वां सीजन अपने अंतिम पड़ाव में था और इसके 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे जिसमें प्लेऑफ के मैच भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अगर भारत सरकार टूर्नामेंट दोबारा शुरू करने की मंजूरी देती है तो आईपीएल इसके मैच कराने के लिए दक्षिण भारत के तीन शहरों को चुन सकता है।

### विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता चुनौती

इस रिपोर्ट की मानें तो कई टीमों के अधिकारियों ने यह भी बताया है कि आईपीएल 2025 का शेष सत्र इस साल बाद में खेला जाएगा।
बीसीसीआई के सामने टूर्नामेंट शुरु करने के लिए विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता चुनौती है। टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद विभिन्न फ्रेंचाइजी के खिलाड़ी और सहायक स्टाफ अपने घर लौट रहे हैं, जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने घर लौट चुके या लौट रहे हैं। फ्रेंचाइजी हालांकि, इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि अगर मई में ही टूर्नामेंट शुरू होता है तो उनके विदेशी खिलाड़ी इसके लिए उपलब्ध होंगे। कई खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके लिए द्विपक्षीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करना भी जरूरी है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला भी खेला जाना है।
आईपीएल 2025 में अब तक कुल 57 मुकाबले पूरे हो चुके हैं।

### राजीव शुक्ला ने दी अहम जानकारी

## आईपीएल को दोबारा शुरू करने पर आज चर्चा करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद आईपीएल 2025 के सत्र को दोबारा शुरू करने पर हलचल तेज हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि बोर्ड आईपीएल का मौजूदा सत्र दोबारा शुरू करने पर रविवार को चर्चा करेगा। बीसीसीआई ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए आईपीएल के 18वें सीजन को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया था। राजीव शुक्ला ने कहा, युद्ध रुक चुका है। नई परिस्थिति में बीसीसीआई के पदाधिकारी, अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद के सदस्य रविवार को आईपीएल 2025 दोबारा शुरू करने पर चर्चा करेंगे और कोई फैसला लेंगे। हम देखेंगे कि टूर्नामेंट को पूरा कराने के लिए कौन सा कार्यक्रम सर्वश्रेष्ठ रहता है।




### अभी खेले जाने हैं 12 लीग मैच

ऐसी भी चर्चा चल रही है कि आईपीएल को चेन्नई, बंगलूरू और हैदराबाद में कराया जा सकता है लेकिन राजीव ने कहा कि ऐसा विकल्प संभवत: निरंतर सैन्य संघर्ष के परिदृश्य में प्रासंगिक था। राजीव शक्ला ने कहा, जब युद्ध चल रहा था तो यह एक विकल्प था। कई सारे विकल्पों पर चर्चा की गई थी। सीजफायर की घोषणा अभी हुई है इसलिए हमें थोड़ा समय दीजिए। हम चर्चा करेंगे और इसके बाद ही कोई फैसला लेंगे।
आईपीएल 2025 में अभी 12 लीग मैच और चार प्लेऑफ चरण के मुकाबले खेले जाने हैं।

### तीरंदाजी विश्व कप

## मधुरा के शानदार प्रदर्शन से भारत ने कम्पाउंड वर्ग में पांच पदक जीते



**शंघाई।** मधुरा धामनगांवकर ने राष्ट्रीय टीम में तीन साल के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कम्पाउंड वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी कामयाबी दिलायी। भारत ने शनिवार कम्पाउंड वर्ग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की अमरावती की इस खिलाड़ी ने इससे पहले महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

इससे पहले कम्पाउंड पुरुष टीम ने स्वर्ण, महिला टीम ने रजत और मिश्रित टीम ने कांस्य पदक हासिल किये। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने पहले गेम में 59 अंक के साथ दो अंकों की बढ़त हासिल की। मैक्सिको ने हालांकि दूसरे गेम में 58 अंक बनाकर वापसी की। इस गेम में भारतीय तीरंदाज 56 अंक ही जुटा सके जिससे स्कोर 115-115 से बराबर हो गया। ऋषभ ने पुरूषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो को हराया। भारतीय खिलाड़ी का शूटआउट में 10 अंक वाला निशाना केंद्र के करीब था। इस 22 साल के भारतीय खिलाड़ी का यह विश्व कप में पहला व्यक्तिगत पदक है।



## आयुष-उन्नति ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में हारे

**ताइपे, एजेंसी**

उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा की शनिवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में हार के साथ बीडब्ल्यूएफ ताइपे ओपन सुपर 300 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इस 2.40 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में अंतिम चार तक के अपने सफर में प्रभावशाली प्रदर्शन कर प्रभावित किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज स्थानीय खिलाड़ी चोऊ टीएन चेन को कड़ी टक्कर दी। लगभग दो दशक से अंतरराष्ट्रीय सिर्कट में खेल रहे चीनी ताइपे खिलाड़ी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए आयुष को 21-18, 21-17 से मात दी। आयुष ने अपने सेमीफाइनल तक के अभियान में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं और पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत तथा कनाडा के ब्रायन यांग को हराकर उलटफेर किया था।

### आयुष ने चोऊ के खिलाफ ली बढ़त

आयुष ने सेमीफाइनल में चोऊ के खिलाफ आक्रामक शुरुआत करते हुए 8-4 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद कुछ गलतियां कर उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी को वापसी का मौका दे दिया। ब्रेक के समय भारतीय खिलाड़ी के पास 11-9 की बढ़त थी लेकिन चोऊ ने इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 11-11 किया। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला था। आयुष ने आक्रामक खेल के साथ कोर्ट के शानदार इस्तेमाल से चोऊ को परेशान किया। ब्रेक के समय चोऊ के पास 11-10 की बढ़त थी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने 14-13 की बढ़त बना ली। चोऊ ने अच्छी वापसी करते हुए 20-16 की बढ़त के साथ चार मैच प्वाइंट हासिल किए। आयुष एक मैच प्वाइंट बचाने में सफल रहे लेकिन इसके बाद उनके बैकहैंड से लगा शॉट नेट से टकरा गया।

### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

## रजनीकांत-कमल हासन बना रहे हिंदी में फिर से दम दिखाने का प्लान, क्या इस बार मिलेगी कामयाबी



पैन इंडिया फॉर्मुले की ताजा लोकप्रियता से कुछ दशक पहले, तमिल फिल्म इंडस्ट्री के दो सुपरस्टार हिंदी फिल्म दर्शकों के बीच बिल्कुल वैसी ही पॉपुलैरिटी का स्वाद चख चुके थे, जो बॉलीवुड स्टार्स को मिलती है- कमल हासन और रजनीकांत। दिलचस्प बात ये है कि पैन इंडिया लोकप्रियता पाने वाले ये दोनों तमिल स्टार्स जब हिंदी दर्शकों से दूर हुए, वैसे ही इनकी इंडस्ट्री भी हिंदी ऑडियंस को लुभाने में पिछड़ने लगी। जबकि इस बीच साउथ की तेलुगू इंडस्ट्री ने हिंदी में सीधा बॉलीवुड फिल्मों को टक्कर देनी शुरू कर दी। तेलुगू इंडस्ट्री से निकली पैन इंडिया फिल्म पुष्पा 2 तो हिंदी की सबसे बड़ी फिल्म भी बन गई। अब कमल हासन और रजनीकांत अपनी नई फिल्मों से एक बार फिर हिंदी दर्शकों और उत्तर भारत के फिल्म मार्किट में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश करने जा रहे हैं। आइए बताते हैं कैसे इन स्टार्स की हिंदी दर्शकों से दूरी के बाद तमिल सिनेमा पैन इंडिया कामयाबी के लिए जूझ रहा है। और ये दोनों स्टार्स अब इस कामयाबी के लिए क्या प्लान बना रहे हैं। तमिल इंडस्ट्री में सुपरस्टार बन चुके कमल हासन ने 1981 में फिल्म एक दूजे के लिए से, बतौर हीरो हिंदी में डेब्यू किया था। इसके बाद वो लगातार हिंदी फिल्मों में नजर आते रहे और सनम तेरी कसम, सदमा, गिरफ्तार, चाची 420 और अभय जैसी हिट हिंदी फिल्मों में नजर आए।

## भूल चूक माफ की ओटीटी रिलीज पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने लगाई रोक, पीवीआर ने ठोका था करोड़ों का मुकदमा



मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआर आइनॉक्स ने प्रोडक्शन हाउस मैडॉक्स फिल्म्स के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। इस मामले पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। पीवीआर ने फिल्म भूल चूक माफ की रिलीज से कुछ वक्त पहले रिलीज रोकने के लिए दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस पर मुकदमा ठोका था। मल्टीप्लेक्स चेन के सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने प्रोडक्शन हाउस के खिलाफ फिल्म की अमेजन प्राइम वीडियो पर 16 मई को रिलीज रोकने के लिए केस दर्ज करवाया था। टीम ने मांग की थी कि फिल्म को पहले थिएटर में रिलीज किया जाए, उसके 8 हफ्ते बाद उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया जाए, जैसा अक्सर होता है।

अब कोर्ट में मामले की सुनवाई हो चुकी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी कर मैडॉक फिल्म्स को पीवीआर आईनॉक्स के साथ तय 8 हफ्ते की थिएट्रिकल विंडो पूरी होने से पहले फिल्म भूल चूक माफ को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने से रोक दिया है। कोर्ट ने माना कि सुरक्षा चिंताओं और व्यावसायिक कारणों का हवाला देते हुए प्रोडक्शन हाउस का पिक्चर की थिएटर रिलीज को कैंसिल करना कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन था। इसी के साथ किसी भी प्लेटफॉर्म पर फिल्म की रिलीज को रोक दिया गया है। इस मामले पर 16 मई 2025 को दोबारा सुनवाई होनी है। रिपोर्ट्स की मानें तो पीवीआर ने मैडॉक्स फिल्म्स पर आखिरी मिनट में रिलीज कैंसिल करने के लिए 60 करोड़ रुपये का मुकदमा ठोका था।

### खत्म हुआ भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध

राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर फिल्म भूल चूक माफ की पहली रिलीज डेट 8 मई थी। हालांकि बाद में मेकर्स ने इसे 16 मई को रिलीज करने का ऐलान किया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर बात करें तो कई दिनों से दोनों की सीमाओं पर भारी गोलाबारी और ड्रोन अटैक चल रहा था, जो अब खत्म हो गया है। 10 मई की शाम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट कर भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान किया। इसके बाद भारत ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच तनाव कम करने को लेकर बात हुई और अब युद्ध पर विराम लग गया है।



### मेट्रो बाजार

## अंबानी एक स्थान फिसले, गौतम टॉप 20 से बाहर

नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच शुक्रवार को घरेलू बाजार में काफी गिरावट रही। सेंसेक्स 880 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे भारतीय अरबपतियों की नेटवर्थ में काफी गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक-एक स्थान नीचे फिसल गए। इस लिस्ट में अंबानी 17वें और अडानी ग्रुप के चेयरमैन 21वें नंबर पर पहुंच गए। इसके साथ ही अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब और अडानी टॉप 20 से बाहर हो गए। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ में शुक्रवार को 1.69 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 99 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी



नेटवर्थ में 8.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसी तरह अडानी की नेटवर्थ में 90.3 करोड़ डॉलर की गिरावट देखी गई। अब उनकी नेटवर्थ 74.4 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 4.25 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

कौन-कौन है टॉप में- इस बीच दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में शुक्रवार को 9.61 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 88.2 अरब डॉलर पहुंच गई है। हालांकि इस साल उन्होंने 88.2 अरब डॉलर गंवाए हैं। जेफ बेजोस (344 अरब डॉलर) दूसरे, मार्क जकरबर्ग (210 अरब डॉलर) तीसरे, लैरी एलिसन (174 अरब डॉलर) चौथे और बिल गेट्स (169 अरब डॉलर) पांचवें नंबर पर है। वॉरेन बफे (.161 अरब) छठे, बर्नार्ड आरनॉल्ट (.155 अरब) सातवें, स्टीव बालमर (.152 अरब) आठवें, लैरी पेज (.140 अरब) नौवें और सर्गेई ब्रिन (.132 अरब) दसवें नंबर पर है।

## कैश, एटीएम... पाक के साथ तनाव के बीच सीतारमण का बैंकों को अलर्ट रहने का निर्देश

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से सतर्क रहने और ग्राहकों के लिए निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाने को कहा है। साइबर सुरक्षा तैयारियों पर बैंकों और बीमा कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में वित्त मंत्री ने चुनौतीपूर्ण समय में आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने में बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।



वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकिंग सेवाएं बिना किसी व्यवधान और गड़बड़ियों के काम करनी चाहिए। इसमें बैंकों की शाखाएं और डिजिटल बैंक दोनों शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए बैंकों को आपातकालीन प्रोटोकॉल को उन्नत करने के साथ उसका परीक्षण करना चाहिए। वित्त मंत्री ने बैंकों को सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूद शाखाओं में कार्यरत बैंक कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को भी कहा।

**पर्याप्त कैश की व्यवस्था-** उन्होंने बैंकों से कहा कि आम लोगों और बिजनेस को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। एटीएम में पर्याप्त कैश होना, यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा बिना किसी दिक्कत के चलती रहना और जरूरी बैंकिंग सुविधाओं का मिलना, सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। मीटिंग में वित्त मंत्री ने कामकाज और साइबर सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लिया।

### हत्या में शामिल होने दिया था दस लाख रुपए का ऑफर, ढाई लाख पहले से ही थे किराएदार के पास

# भेल के रिटायर्ड जीएम की हत्या, पत्नी ने प्रेमी और किराएदार के साथ मिलकर दिया अंजाम

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भेल के रिटायर्ड जनरल मैनेजर (जीएम) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का खुलासा पिपलानी पुलिस ने कर दिया है। उनकी मौत बाथरूम में गिरने से नहीं हुई थी, बल्कि पत्नी ने महिला किरायेदार और उसके प्रेमी के साथ मिलकर जीएम की हत्या कर दी थी। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराते हुए यह बताया कि वे बाथरूम में गिर गए थे। हत्या के लिए जीएम की पत्नी ने महिला किराएदार और उसके प्रेमी को दस लाख रुपए हत्या करने के बदले देने की बात भी कही थी।**

पटेल नगर पिपलानी निवासी 65 साल के जॉर्ज कुरियन भेल से रिटायर्ड जीएम थे। उनकी पहली पत्नी शासकीय अस्पताल में नर्स थी। वे जीएम के अलावा एथेलेटिक्स के कोच भी थे। एथेलेटिक्स में फुटबॉल खेलने वाली बिट्टी उनकी परिचित थी। पहली पत्नी से बच्चे नहीं होने के कारण उन्होंने दूसरी शादी 2012 में बिट्टी से कर ली। पारीवारिक विवाद होने के कारण 2022 में उनकी पहली पत्नी केरल में शिफ्ट हो गई। वे बिट्टी के साथ पटेल नगर में रह रहे थे।कुरियन के परिचित की बहू रेखा सूर्यवंशी ने कुरियन से संपर्क कर किराये से मकान मांगा। वह कुरियन के घर किरायेदार की तरह नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह रहने लगी। वह कुरियन के घर ही खाना खाती थी।





### रेखा का प्रेमी भी बना हत्या की वजह

पति की मौत के बाद रेखा संजय पाठक नामक व्यक्ति के संपर्क में आ गई थी। कुरियन के घर रहने के कारण संजय पाठक और रेखा की बातचीत नहीं होती थी। संजय पाठक ने एक दिन रेखा को कॉल किया तो कॉल जॉर्ज कुरियन ने अटैंड कर लिया। इस दौरान दोनों का मोबाइल पर विवाद हो गया। विवाद होने के बाद कुरियन ने रेखा के मोबाइल पर संजय का नंबर ब्लॉक कर दिया।

### भलाबुरा कहने से बदला लेना चाहता था संजय

संजय पाठक और कुरियन का कॉल पर विवाद होने के बाद संजय, कुरियन से बदला लेना चाहता था। उसने रेखा से दूसरे नंबर से संपर्क किया और कुरियन से सबक सिखाने की बात कही। इधर, कुरियन बिट्टी को प्रताड़ित करने लगे थे। बिट्टी भी उनसे परेशान हो गई थी और रेखा को अपनी दुखभरी कहानी बताने लगी। रेखा ने कहा कि तुम अपने पति से परेशान हो, जबकि एक व्यक्ति ऐसा है वह भी तुम्हारे पति से परेशान है और बदला लेना चाहता है।

### इछावर में की थी मारपीट

आरोपी संजय पाठक को कुरियन को सबक सिखाना चाहता था और रेखा और बिट्टी से बातचीत करने लगा। बिट्टी ने बताया कि 18 मार्च को जमीन खरीदने के लिए हम सभी लोग इछावर जाने वाले हैं। रास्ते में एक जगह रुकेंगे वहां मिल जाना। कुरियन इछावर पहुंचे और रास्ते में रुके थे, तभी पहले से संजय पाठक घात लगाकर बैठा था और उसने कुरियन पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इसकी शिकायत इछावर में दर्ज कराई गई थी।

### इस तरह की हत्या

65 साल के कुरियन पर डंडे से हमला होने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। सिर और आंख के पास चोट होने के कारण उन्हें ठीक से दिखाई नहीं देता था। बिट्टी उनकी सेवा करती थी, लेकिन बदले में वह बिट्टी को प्रताड़ित करते थे। एक दिन उन्होंने बिट्टी से मारपीट भी की थी। इससे दुखी होकर बिट्टी ने रेखा से बातचीत कर कुरियन को रास्ते से हटाने की बात कही। रेखा और बिट्टी ने योजना बनाई और संजय पाठक को 18 अप्रैल को अपने घर बुलाया। बिट्टी ने कुरियन की आंखों में ड्रॉप डाला। इसी बीच संजय पाठक को बाथरूम के अंदर भेज दिया। आंख में ड्रॉप डालने के बाद कुरियन बाथरूम की तरफ बढ़े तो संजय पाठक नजर आया। उसे घर में देखकर कुरियन का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उसने कुरियन को धक्का दिया और कुरियन नीचे गिर गए। इससे उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी।

### चार घंटे तक बैठे शव के पास

नीचे गिरने के बाद आरोपी संजय पाठक ने कुरियन का गमछे से गला घोंट दिया। इस दौरान कुरियन ने आरोपी के हाथ में काट लिया था। दम घुंटने से कुरियन की मौत हो गई तो आरोपी करीब चार घंटे तक तक कुरियन के शव के पास बैठे रहे। दरअसल, कुरियन ने बिट्टी और रेखा को बताया था कि मेरे गुरू ने कहा है कि मेरी मौत के बाद मैं चार घंटे बाद दौबारा जीवित हो जाऊंगा। चार घंटे बाद जब आरोपियों को लगा कि कुरियन की मौत हो गई है तो संजय पाठक को उन्होंने घर से बाहर कर दिया और बिट्टी, कुरियन को लेकर निजी अस्पताल पहुंची थी।

### पास से नहीं मिला सुसाइड नोट

# मामा के घर से लौटे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल, दोपहर मेट्रो

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित बीडीए मल्टी नंबर -1 में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात मामा के घर से लौटे युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को पता चला कि वह सूखे नशे करने का आदी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार बीडीए मल्टी नंबर -1, पवन कुशवाह ( 23 ) बेरोजगार था। वह शराब और सूखे नशा का आदी था। नशे की लत से वह खुद ही परेशान हो गया था। शुक्रवार रात पवन कुशवाह अपने भाई के साथ मामा के घर खाना खाने गया था। वहां से लौटने के बाद पवन सोने चला गया। सुबह जब वह काफी देर तक नहीं उठा तो भाई उसे देखने पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिडकी से झांक कर देखा तो पवन फंदे पर लटका नजर आया। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी। मृतक के मामा का कहना है कि पवन जब दावत में घर आया था तब भी वह नशे में था। पुलिस का मानना है कि युवक ने नशे की लत से परेशान होकर फांसी लगाई है।



### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

इधर, बैरसिया पुलिस के मुताबिक वार्ड नंबर दो वसई निवासी बबलेश कुशवाह ( 40 ) प्राइवेट काम करता था और अधिक मात्रा में शराब पीने का आदी था। शुक्रवार रात उसने अपने घर के पीछे पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में बबलेश का 18 साल का बेटा घर में था। उसने ही अपने पिता को फंदे पर लटका देखा। पड़ोसियों की मदद से बबलेश को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### बोलेरो जीप की टक्कर से पलटी कार

**भोपाल।** एमपी नगर थानांतर्गत रोटरी चौराहे पर एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार पलट गई। पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन में रहने वाले इरशाद अहमद खान औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में फैक्टरी का संचालन करते हैं। शुक्रवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे वह व्यापमं चौराहा होते हुए एमपी नगर रोटरी पर पहुंचे, तभी पेट्रोल पंप की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने उनकी कार में ड्रायवर साईड से टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार पलट गई। इस हादसे में कार चला रहे इरशाद को अंदरूनी चोट आई और कार को काफी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने बोलेरो जीप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। -

### साथी कर्मचारी ने सिर में मारी करछी

## वन बाइट रेस्टोरेंट में कुक ने की हेल्पर की हत्या

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्यारह मील बायपास पर वन बाइट ढाबे में शनिवार शाम कुक ने हेल्पर की हत्या कर दी। हत्या की वजह मामूली कहासुनी के बाद गालीगलौज की बात सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल करछी ( बेलचा ) बरामद कर लिया है।




पुलिस के अनुसार 35 साल का शब्बीर, कोहेफिजा इलाके में रहता था और वन बाइट रेस्टोरेंट, ग्यारह मील पर कुक के साथ हेल्पर का काम करता था। इसी रेस्टोरेंट में बकानिया निवासी रामबाबू नागर काम करता है। दोनों की किचन में ड्यूटी रहती है। शनिवार शाम करीब चार बजे शब्बीर और रामबाबू किचन में थे। इस दौरान काम की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर शब्बीर ने रामबाबू से गालीगलौज कर दी। इससे नाराज होकर रामबाबू ने शब्बीर के सिर पर करछी मार दी। इसके बाद वह निकल गया। अन्य कर्मचारी किचन में पहुंचा तो उसने शब्बीर को बेसुध पड़े देखा था। उसके सिर से खून बह रहा था। रेस्टोरेंट के मालिक ने एबुलेंस को कॉल कर बुलाया। एंबुलेंस में पहुंचे स्वास्थ्यकर्मी ने शब्बीर को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

## बीकॉम की छात्रा ने मां की साड़ी से लगाई फांसी

भोपाल। गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित नयापुरा इलाके में शनिवार दोपहर 19 साल की युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बाहर से घर लौटे भाई ने बहन को फंदे पर लटका देखा। भाई ही बहन को फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर पहुंचा लेकिन पूर्व में उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के समय युवती के पिता अस्पताल में भर्ती थे। रात को उनकी तबियत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुसाइड नोट नहीं मिलने से फिलहाल कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि न्यू सेंट्रल जेल के सामने नयापुरा निवासी रिया पुत्री सुब्रमणयम द्रविड़ ( 21 ) गीतांजली कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। शुक्रवार रात उल्टियां होने के कारण पिता की तबियत खराब हो गई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मां अस्पताल में ही थी जबकि भाई किसी काम से घर से बाहर था। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे भाई घर पहुंचा तो रिया का कमरा भीतर से बंद मिला। आवाज देने पर भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। खिडकी से झांक कर देखने पर रिया साड़ी के फंदे पर लटकी नजर आई। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से कहीं कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने भी घटना की कोई वजह नहीं बताई है। पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल में रखवा दिया गया था। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कारण सामने आ सकेंगे। मृतका के पिता ऑटो चलाते हैं।





**सड़कों पर सीवेज.....** राजधानी के पॉश माने जाने वाले गुलमोहर की रोड पर नगर निगम की लापरवाही के कारण सड़कों परसीवेज का गंदा पानी इस तरह बहता देखा जा सकता है।

### - खाली ट्रक में अंदर बना रखा था कैबिन

# ट्रक से शराब की तस्करी, 15 लाख रुपए की शराब जब्त

भोपाल, दोपहर मेट्रो

खजूरी सड़क पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर 15 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। तस्कर ट्रक में कैबिन बनाकर शराब की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने ट्रक और उसमें लदी शराब जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि मुबारकपुर बायपास से एक ट्रक भारी मात्रा में शराब लेकर आ रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने बरखेड़ा सालम जोड़ के पास ट्रक को रोका। ट्रक की तलाशी ली गई, लेकिन ट्रक में शराब नहीं मिली। ट्रक पीछे से खाली नजर आ रहा था। पुलिस ट्रक में ड्राइवर के पास पहुंची तो उसने एक कैबिन नजर आया। उस कैबिन को खोला गया तो उसमें शराब की पेटियां नजर आई। आरोपी ने कैबिन में शराब छिपाकर रखी थी। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर से शराब के दस्तावेज मांगे, लेकिन वह दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस आरोपी ड्राइवर को ट्रक सहित थाने लेकर पहुंची। उसकी पहचान छितु जमरा (25) निवासी अलीराजपुर के रूप में की गई। बड़ी मात्रा में शराब होने के कारण पुलिस ने आबकारी अमले को जानकारी दी थी। ट्रक से जो शराब मिली है उसमें विदेशी शराब के अलग-अलग ब्रांड शामिल है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी लंबे समय से शराब की तस्करी कर रहा है। उससे पूछताद की जा रही है।



### सफर के दौरान दो यात्रियों का हजारों का सामान चोरी

**भोपाल।** ट्रेनों में सफर के दौरान दो यात्रियों का हजारों का सामान चोरी चला गया। जीआरपी ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी नीरज कुशवाह पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल कोच में बैठकर इटारसी से भोपाल की यात्रा कर रहा था। इस दौरान उसने अपना बैग ऊपर वाली रैक पर रख दिया था। औबेदुल्लागंज स्टेशन के पास उसने बैग से बोतल निकालकर पानी पीया और बाद में गेट पर जाकर खड़ा हो गया। भोपाल स्टेशन पहुंचने पर देखा तो उसका बैग चोरी हो चुका था। बैग में 12 हजार पांच सौ रुपए नकद, आधार कार्ड, वोटर आईडी, क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड, कम्पनी का आईडी कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, बीमा तथा गाड़ी के कागजात रखे हुए थे।

### - दुबई में परिवार के साथ रहते हैं फरियादी, पति की मौत के बाद महिला ने किराया किया बंद

# फर्जी अनुबंध पत्र तैयार कर किराएदार महिला ने NRI के मकान में किया कब्जा

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोहेफिजा पुलिस ने दुबई में रहने वाले एनआरआई की शिकायत पर किराएदार महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। तीन साल से महिला फरियादी के मकान में किराए से रह रही थी। पति की मौत के बाद महिला ने किराया देना बंद कर दिया और फिर फर्जी क्रय अनुबंध पत्र तैयार कराकर मकान पर कब्जा कर लिया। पुलिस ने जांच के बाद महिला के खिलाफ जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया है।



पुलिस के मुताबिक गांधी नगर क्षेत्र में रहने वाले शादाब खान (72) इन दिनों परिवार के साथ दुबई में रहते हैं। गांधी नगर में उनका मकान बेटी के नाम पर है। तीन साल से उस मकान में सुरजीत कौर नामक महिला अपने पति के साथ किराए से रह रही थी। किराएदारी अनुबंध पति के नाम पर था। साल 2024 में सुरजीत कौर के पति की मृत्यु हो गई। पति की मौत के बाद से सुरजीत कौन ने मकान का किराया देना बंद कर दिया। फरियादी शादाब खान से जब इस मामले में बात की तो महिला का कहना है कि अनुबंध पत्र पति के नाम पर था। अब उसने मकान खरीद लिया है। महिला ने फर्जी क्रय अनुबंध पत्र भी पेश कर दिए। शादाब खान ने लिखित शिकायती आवेदन कोहेफिजा पुलिस को दिया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी महिला सुरजीत कौर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**कार की टक्कर से बाइक सवार घायल:** एमपी नगर इलाके में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अयान उल्ला खान सीहोर में रहते हैं और भारत पेट्रोलियम में टेक्नॉलोजी मैनेजर हैं। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े सात बजे वह बाइक लेकर कार्यालय से घर जाने के लिए निकले थे।


**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत शाखा– खुली निविदा**
**निविदा सूचना क्र.: जबल/एल/टी. नं. 60/2024R**

मंडल रेल प्रबंधक(विद्युत) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्रमांक– निविदा सूचना क्र.** जबल / एल/टी नं./60/2024R **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत (**NU-6** और **PPI-8**) पर 14 एस्केलेटर का प्रावधान, सिविल इंजीनियरिंग कार्य सहित। वारंटी अवधि के बाद 05 वर्ष की एएमसी सहित(इलेक्ट्रिकल एंव सिविल कार्य हेतु कम्पोजिट निविदा), **निविदा का अनुमानित मूल्य–** 173969485.17, **निविदा फार्म की कीमत रूपये–** निल, **कार्यालय का पता–** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य /जबलपुर द्वितीय फ्लोर डीआरएम बिल्डिंग जबलपुर– 482001, **बयाना राशि–** 1019900.00, **समापन अवधि–** 01 वर्ष, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक)** – 30/05/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक)**– 30/05/2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विघुत) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


### मेट्रो एंकर — भारत-पाक तनाव के चलते साइबर हमलों का जोखिम बढ़ा

# छुपाई गई फिशिंग लिंक्स और एपीके फाइलों से रहे सांवधान

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भारत-पाक संघर्ष के चलते साइबर हमले का जोखिम बढ़ गया है। इस स्थिति में भारतीय शासकीय एजेंसियां, सैन्य कर्मी संस्थान और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। भारत-पाक संघर्ष के संबंध में वाट्सएप, इमेल, सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से तेजी से फैल रही दुष्प्रचार सामग्री के बारे में सतर्क रहना आवश्यक है। इस सामग्री में भ्रामक वीडियो इमेज, एक्स, एपीके फाइल और भारत-पाक संघर्ष से संबंधित समाचार या अपडेट के रूप में फीसिंग इमेज, फेक लॉगिन पेज्स और मेलिसियस अटेचमेंट जैसी परिष्कृत रणनीति का उपयोग शामिल है।**

साइबर अपराधी समाचार अथवा सूचनाओं से संबंधित विशेष अपडेट, संघर्ष से संबंधित कथन या लीक हुए फुटेज के बहाने दुष्प्रचार सामग्री प्रसारित कर रहे हैं। जिनमें मैलवेयर, स्पाइवेयर या फिशिंग वेबसाइट्स के लिंक होते हैं। यह सामग्री विभिन्न वफछ लिंक या अज्ञात नंबरों से भेजी गई तस्वीरों के रूप में भी हो सकती है जो कि फिसिंग इमेज, वाट्सएप, इंस्टाग्राम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बड़ी सरलता से प्रेषित की जा सकती है।



### साइबर हमले का तरीका

- » दुष्प्रचार रूप से तैयार की गई। एपीके फाइल एक्स फाइल और वीडियो फाइल/ लिंक को वाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निम्नलिखित तरीकों से साझा किया जा रहा है।
- » संदेशों में फिशिंग लिंक एम्बेड करना जो विश्वसनीय स्रोतों या समूहों के समान प्रतीत होते हैं। वैध समाचार या सरकारी स्रोतों की तरह दिखने के लिए डिजाइन की गई इन फिशिंग वेबसाइट्स के माध्यम से व्यक्तिगत डेटा को चुराया जा सकता है।
- » एप या टूल ( जैसे लाइव वार अपडेट्स एप ) के रूप में लेबल की गई एपीके फाइल्स का प्रसार किया जा रहा है, जिसके माध्यम से डेटा चुराना या डिवाइस को लॉक करके फिरौती की मांग की जा सकती है। इसके अतिरिक्त इन टूल्स के माध्यम से बैंक खाते या सोशल मीडिया खाते आदि को भी हैक किया जा सकता है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022